RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 241 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, रविवार 10 जुलाई 2022



राजपुरी के जंगल में दिखा दुर्लभ प्रजाति का गिरगिट पेज -3 पर



एसडीओपी दीपक मिश्रा की विवेचना में दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन.. पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## एक नजर

### कोरोना पॉजिटिव महिला ने दिया बच्चे को जन्म



**बिलासपुर।** बिलासपुर के मातृ-शिशु अस्पताल में शुक्रवार को प्रसव पीड़ा के दौरान पहुंची महिला कोरोना पॉजिटिव निकल गई। इसके चलते अस्पताल के स्टाफ ने PPE किट पहनकर उसकी नॉर्मल डिलीवरी कराई और महिला ने स्वस्थ्य शिशु को जन्म दिया। जांच में बच्चे की रिपोर्ट निगेटिव आने पर डॉक्टरों ने राहत की सांस ली। डिलीवरी के बाद मां और बच्चे को अभी जिला अस्पताल के कोविड वार्ड में भर्ती किया गया है।

गनियारी निवासी कल्याणी साहू (32 साल) को शुक्रवार सुबह प्रसव पीड़ा शुरु हुई, तब परिजन उसे लेकर मातृ-शिशु अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां अस्पताल स्टाफ ने उसे वार्ड में भर्ती कराया। फिर एहतियात के तौर पर महिला की कोरोना जांच की गई। टेस्ट में प्रसूता की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई। कोरोना पॉजिटिव महिला का प्रसव पीड़ा बढ़ने पर स्टाफ ने आनन-फानन में उसे ऑपरेशन थियेटर में शिफ्ट किया। इस दौरान डॉक्टर और स्टाफ ने PPE किट पहनकर उसके ऑपरेशन की तैयारी शुरू कर दी। ऑपरेशन से पहले स्टाफ ने महिला का नॉर्मल डिलीवरी कराने की कोशिश की, जिसमें कुछ ही देर में उन्हें सफलता भी मिल गई और कोरोना पॉजिटिव महिला ने स्वस्थ्य शिश को जन्म दिया।

# छत्तीसगढ़ में भारी बरसात का रेड अलर्ट, भारी बारिश का अनुमान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में अति भारी बरसात का रेड अलर्ट जारी हुआ है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटों में बीजापुर, बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा और नारायणपुर जिलों में एक-दो स्थानों पर भारी से अति भारी बरसात हो सकती है। वहां वज्रपात होने की भी संभावना है। मौसम विभाग ने राहत आयुक्त को अति सतर्क रहने और कार्रवाई करने की सिफारिश की है। मैदानी इलाकों में भी बारिश का अलर्ट है। बिलासपुर में शाम को बारिश शुरू हुई।

मौसम विभाग ने बालोद, कांकेर, कोण्डागांव और गरियाबंद जिलों के लिए भी आरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके मुताबिक अगले 24 घंटों में इन जिलों में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी से अति भारी बरसात संभावित है। वहां आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना बन



रही है। राजनांदगांव और धमतरी जिलों के लिए भारी बरसात और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी हुआ है। इसके तहत प्रशासन को सावधान और अलर्ट रहने को कहा गया है।

मौसम विभाग के मुताबिक मानसून द्रोणिका अनूपपुर, सीकर, ग्वालियर, सतना, पेंड्रा रोड, निम्न दाब का केंद्र और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। वहीं एक निम्न दाब का क्षेत्र ओडिशा और उसके आसपास स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का एक चक्रीय चक्रवाती घेरा 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इनके प्रभाव से 10 जुलाई को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यत: दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

### बिलासपुर में भी बारिश

शाम 6 बजे के बाद बिलासपुर और आसपास के इलाकों में बारिश शुरू हुई। शहर के कुछ इलाकों में तेज तो कहीं बौछारें ही पड़ी। आसमान में जिस तरह बादल छाए हैं, उससे लग रहा है कि रात को भी कई इलाकों में बरसात होगी। बिलासपुर से लगे ग्रामीण इलाकों में भी बारिश हो रही है।

# न्याय की आश में बैठे ग्रामीण, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नहीं आने से हुए हताश

## भूमि स्वामी ठेकेदार की शिकायत लेकर मुख्यमंत्री से मिलने जाएंगे रायपुर

जोहार छत्तीसगढ़.- धरमजयगढ़।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के धरमजयगढ़ आगमन की खबर सुनकर किसानों में न्याय की आश जगी थी। लेकिन मुख्यमंत्री का धरमजयगढ़ आगमन स्थगित होने से बड़ी निराशा हुई है। लेकिन अपने हक के लिए अब प्रभावित ग्रामीण एकजुट होकर लड़ाई लड़ने तैयार हो गए हैं।



बनाना ही नहीं था तो क्यों तोड़ दिए पुलिया को

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

ग्रामीण अब रायपुर जाने की तैयारी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि 20 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र में के बीच में ही मुख्यमंत्री से मिलकर न्याय की मांग करेंगे। क्योंकि निचले स्तर पर कोई अधिकारी सुनने वाला नहीं है। बता दें कि बिना भूमि अधिग्रहण किए ठेकेदार द्वारा दो साल से किसानों की जमीन पर कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा है। धरमजयगढ़ से कापू तक नए सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली है। जिसका कार्य ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। लेकिन सड़क से प्रभावित भूस्वामियों को अभी तक मुआवजा नहीं मिला है। पिछले दो सालों से ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से किसानों के जमीन पर निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस मार्ग में लगभग 13 गांव के किसान प्रभावित हैं। जो कई बार शासन-प्रसाशन से गुहार लगा चुके हैं। लेकिन अब तक न्याय नहीं मिल सका है। लेकिन इस बार ठेकेदार के खिलाफ लामबंद होकर मुख्यमंत्री के धरमजयगढ़ आगमन पर ठेकेदार की मनमानी करने की शिकायत करने की तैयारी में जुट गए थे। 13 गांव के किसानों को मुख्यमंत्री से न्याय मिलने की उम्मीद जगी थी। लेकिन मुख्यमंत्री का कार्यक्रम स्थगित होने से प्रभावित भूस्वामियों को निराशा हाथ लगी। अपनी हक के लिए न्याय की गुहार लगाने प्रभावित भूस्वामी अब राजधानी रायपुर जाकर मुख्यमंत्री बघेल से भेंट करेंगे। धरमजयगढ़ से कापू मार्ग बनाने वाले ठेकेदार के द्वारा हर तरह के कार्य मे लापरवाही एवं मनमानी बरती जा रही है। जिससे क्षेत्र की जनता परेशान हैं। लेकिन जब इस क्षेत्र की भोली भाली जनता अपनी हक लिए ठेकेदार सहित शासन-प्रशासन को घेरने की तैयारी कर रही है। ठेकेदार के मनमानी रवैये से आगामी दिनों में क्षेत्र में उग्र आंदोलन देखने को मिल सकता है। जिसका जिम्मेदार ठेकेदार के साथ-साथ शासन-प्रशासन की होगी। क्योंकि प्रभावित किसानों को अभी तक मुआवजा नहीं मिलना उनके साथ अन्याय है।



ठेकेदार की मनमानी और प्रशासन की मौन स्वीकृति ठगे महसूस कर रहे आदिवासी किसान

फॉलोअप

### आज से प्रदेश व्यापी रोका-छेका अभियान

**रायपुर ।** खरीफ फसलों की सुरक्षा के लिए इस वर्ष भी 10 जुलाई से प्रदेशव्यापी रोका-छेका का अभियान शुरू किया जा रहा है। इस दौरान फसल को चराई से बचाने के लिए पशुओं को नियमित रूप से गौठान में लाने हेतु रोका-छेका अभियान के अंतर्गत मुनादी कराई जाएगी। गौठानों में पशु चिकित्सा शिविर लगाकर पशुओं के स्वास्थ्य की जांच, पशु नस्ल सुधार हेतु बधियाकरण, कृत्रिम गर्भधान एवं टीकाकरण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि रोका-छेका हमारी पुरानी पंरपरा है। राज्य में बीते सालों में भी यह अभियान चलाया गया था, जिसका परिणाम बड़ा ही उत्साहजनक रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए राज्य में चालू खरीफ सीजन के दौरान 10 जुलाई से 20 जुलाई तक यह अभियान पुन: चलाया जा रहा है। उन्होंने इसकी सफलता के लिए सभी किसानों एवं पशुपालकों से सहयोग की अपील की है।

# अमरनाथ में फंसे छत्तीसगढ़ के लोग

## यात्रियों की मदद के लिए हेल्पलाइन जारी, अभी तक किसी अनहोनी की खबर नहीं

रायपुर। अमरनाथ की पवित्र गुफा के पास बादल फटने से हुए हादसे के एक दिन बाद छत्तीसगढ़ सरकार भी सक्रिय हो गई है। सरकार ने दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में एक हेल्पलाइन बना दिया है।





यहां रेजिडेंट कमिश्नर गणेश मिश्र से उनके मोबाइल नंबर 9997060999 और छत्तीसगढ़ सदन के हेल्पलाइन नंबर 01146156000 पर फोन कर मदद मांगी जा सकती है।

हेल्पलाइन के प्रभारी गणेश मिश्र ने बताया, रायगढ़ के पुसौर के एक परिवार ने संपर्क किया था। वे लोग गुफा से करीब 6 किलोमीटर दूर रोके गए हैं। उस परिवार में सात लोग हैं। सभी सुरक्षित हैं। कोई चिंता की बात नहीं है। उनकी चिंता यह है कि यात्रा कब शुरू होगी और वे लोग बाबा अमरनाथ के दर्शन कर पाएंगे अथवा नहीं। उन्हें वहीं रुककर यात्रा प्रशासन और सेना से मिले अगले संदेशों का इंतजार करने को कहा गया है।

अंबिकापुर के एक परिवार का भी पता चला है, उन लोगों ने हादसे के बाद जम्मू का रुख कर लिया है। यह परिवार माता वैष्णो देवी की यात्रा कर वापस लौट आएगा। इधर अधिकारियों का कहना है कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन और केंद्र सरकार से लगातार संपर्क बना हुआ है। प्रदेश से गए सभी यात्रियों का पता लगाकर उनको सुरक्षित रखने की कोशिश की जाएगी। फिलहाल अभी तक प्रदेश के किसी यात्री के साथ अनहोनी की खबर नहीं है।

पवन खेड़ा पर बीजेपी का पलटवार

# सांसद सोनी बोले- भ्रम फैलाकर आतंकवाद को संरक्षण देने का काम कर रही कांग्रेस

**रायपुर।** रायपुर के भाजपा सांसद सुनीन सोनी ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा पर जवाबी हमला किया है। सांसद सोनी ने कहा कि- पवन खेड़ा को अपने ज्ञान को बढ़ाने की जरूरत है, वो बीजेपी से आतंकवाद का रिश्ता जोड़ रहे हैं, जबकि आतंकवादी घटनाओं का विरोध करने के तहत BJP छत्तीसगढ़ बंद करवा रही है। सोनी ने आगे कहा कि हम तो कह रहे हैं कि आतंकियों को फांसी पर लटकाइए, हम मांग कर रहे हैं , मगर हमारी बातों को दरकिनार कर भ्रम फैलाकर आतंकवाद को संरक्षण देने का काम कांग्रेस कर ही है। कांग्रेस कि ये भ्रामक नीति देश की फिजा को खराब करने वाली है, पवन खेड़ा का बयान गैर जिम्मेदाराना बयान है। घटना वहां अधिक हो रही है



जहां कांग्रेस की सरकार है।

### यहां से शुरू हुआ है सियासी बवाल

शनिवार को ही कांग्रेस संचार विभाग के राष्ट्रीय प्रमुख पवन खेड़ा ने भाजपा पर संगीन आरोप लगाए। खेड़ा ने कहा कि भाजपा आतंकवाद पर आत्मनिर्भर हो चुकी है। अपने ही कार्यकर्ता नुपूर शर्मा से कुछ कहवा देंगे। उसके बाद अपने ही कार्यकर्ता रियाज अटारी से कुछ करा देंगे। पवन खेड़ा ने यह भी कहा कि यूपीए सरकार के समय हिंदू आतंकवाद शब्द भी आरके सिंह का गढ़ा हुआ था, जो अब केंद्र सरकार में मंत्री हैं। रायपुर के कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा में पवन खेड़ा ने कहा, पिछले दिनों राजस्थान के उदयपुर में एक दर्जी कन्हैयालाल की हत्या हो गई। उसमें शामिल आतंकी मोहम्मद रियाज अटारी भाजपा का कार्यकर्ता निकला।

# गृह मंत्री साहू संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल



**रायपुर।** गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू धमतरी जिले में जिला एवं तहसील साहू संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम आमातालाब रोड स्थित बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम में आयोजित की गई थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ साहू संघ के अध्यक्ष श्री टहल सिंह साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र सांसद श्री चुन्नीलाल साहू, छत्तीसगढ़ राज्य दुग्ध संघ के अध्यक्ष श्री विपिन साहू, विधायक धमतरी श्रीमती रंजना साहू, श्री दयाराम साहू सहित समाज के अन्य पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

**घोषणा...** राहुल के परिवार को पांच लाख रूपए की आर्थिक सहायता की घोषणा

# राहुल साहू की शिक्षा और स्पीच थिरैपी का खर्च वहन करेगी राज्य सरकार : मुख्यमंत्री

रायपुर। जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम पिहरिद के बोरवेल में लगभग 65 फीट नीचे गिरे राहुल को सफलतापूर्वक रेस्क्यू ऑपरेशन कर निकालने और उसके ईलाज के लिए मुख्यमंत्री द्वारा किए गए प्रयासों के प्रति आभार प्रकट करने के लिए आज राहुल के परिजन और जांजगीर-चांपा के सैकड़ो ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की।



मुख्यमंत्री ने इस मौके पर बड़ी घोषणा करते हुए राहुल के स्पीच थैरेपी और उसकी शिक्षा की सम्पूर्ण जिम्मेदारी उठाने की बात कही है, साथ ही राहुल के परिवार की आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए 5 लाख रूपए की आर्थिक मदद करने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने राहुल के परिजन को रोजगार देने के भी निर्देश दिए। गौरतलब है कि 105 घंटे के सफल रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद राहुल को बोरवेल से बाहर निकाल लिया गया था। इसके बाद ग्रीन कारीडोर बनाकार राहुल को उपचार हेतु बिलासपुर के अपोलो अस्पताल में भर्ती किया गया था। मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता जाहिर करते हुए राहुल की मां श्रीमती गीता देवी ने कहा कि आपने अपना बेटा समझ कर राहुल की जान बचाई है।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

### बोरवेल से सफल रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए राहुल साहू के माता-पिता सहित जांजगीर-चांपा वासियों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

इसके लिए मैं और मेरा परिवार जीवन भर आपका आभारी रहेगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने राहुल के बारे में सूचना मिलते ही अधिकारियों को निर्देश दे दिए थे कि बचाव कार्य में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उन्होंने राहुल की दादी को भरोसा दिलाया था कि उसका नाती सुरक्षित बाहर आएगा। श्री बघेल ने कहा कि जब भी हम सामूहिक प्रयास करते है तो उसमें सफलता जरूर मिलती है और राहुल को बचाने के लिए तो हर एक ने धैर्यपूर्वक और दिन-रात मेहनत की।



# शतरंज ओलंपियाड टॉर्च रिले 16 जुलाई को पहुंचेगी रायपुर



**रायपुर।** शतरंज ओलंपियाड टॉर्च रिले 16 जुलाई को रायपुर पहुंचेगी। शतरंज ओलंपियाड टॉर्च रिले की तैयारियों के संबंध में गठित समिति की बैठक आज रायपुर के सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के सभा कक्ष में सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग श्री नीलम नामदेव एक्का की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शतरंज ओलंपियाड टॉर्च रिले के कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में जिम्मेदारी सौंपी गई। शंतरंज ओलंपियाड के 95 साल के इतिहास में भारत को पहली बार ओलंपियाड की मेजबानी मिली है जिसमें 188 देश प्रतियोगिता में शामिल होंगे आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के अंतर्गत 75 शहरों में यह शतरंज ओलंपियाड रैली निकाली जा रही है यह भारत में आयोजित होने वाला अब तक का सबसे बड़ा खेल आयोजन होगा। गौरतलब है कि आजादी के अमृत महोत्सव के तारतम्य में 44वें शतरंज ओलंपियाड टॉर्च रिले का आयोजन 19 जून से 28 जुलाई तक किया जा रहा है। इसी कड़ी 44वें शतरंज ओलंपियाड का भी भव्य रूप आयोजन किया जा रहा है।

# अर्थव्यवस्था: छोटी बचत पर ब्याज दर बढ़ाने की जरूरत

यकीनन इस समय देश में छोटी बचत करने वाले करोड़ों लोग छोटी बचत योजनाओं पर मिलने वाली कम ब्याज दर के कारण बढ़ती महंगाई की चुनौती का सामना कर रहे हैं। यह उम्मीद की जा रही थी कि जिस तरह पिछले दो-तीन महीनों में स्थायी जमा (एफडी) के साथ-साथ अन्य ब्याज दरों में वृद्धि हो चुकी है, उसी तरह जुलाई से सितंबर 2022 के लिए छोटी बचत योजनाओं पर मिलने वाली ब्याज दरों में बढ़ोतरी की जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है।

जब तक महंगाई का दौर बना रहे, तब तक छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दर में कुछ वृद्धि कर दी जाए, तो एक बड़े वर्ग को राहत मिल सकती है।

गौरतलब है कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध की वजह से कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और वस्तुओं की आपूर्ति बाधित होने से कीमतों में तेज वृद्धि से पूरी दुनिया के साथ-साथ भारत में भी महंगाई तेजी से बढ़ रही है। मई, 2022 में थोक महंगाई दर 15.88 फीसदी और खुदरा महंगाई दर 7.04 फीसदी के चिंताजनक स्तर पर पहुंच गई। ऐसे में रिजर्व बैंक महंगाई को नियंत्रित करने के लिए अब तक 0.90 फीसदी रेपो दर बढ़ा चुका है, बैंक एफडी पर 0.50 फीसदी से अधिक ब्याज दर बढ़ा चुके हैं, बॉन्ड पर यील्ड भी बढ़ता जा रहा है, ऋण महंगे हो रहे हैं, ऋण पर ज्यादा किस्त और ज्यादा ब्याज चुकाना पड़ रहा है और कर्ज के भुगतान की किस्त चूक में भी बढ़ोतरी हो रही है।




**एनएसआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां देश के लोगों के लिए छोटी बचत योजनाएं लाभप्रद हैं, वहीं इनका बड़ा निवेश अर्थव्यवस्था के लिए लाभप्रद है।**

उल्लेखनीय है कि पिछले दो वर्षों से छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। यदि हम छोटी बचत योजनाओं पर मिलने वाली मौजूदा ब्याज दरों को देखें, तो पाते हैं कि इस समय बचत खाता पर चार फीसदी, एक से तीन साल की एफडी पर 5.5 फीसदी, पांच साल की एफडी पर 6.7 फीसदी, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना पर 7.4 फीसदी, एमआईएस पर 6.6 फीसदी, एनएससी पर 6.8 फीसदी, पीपीएफ पर 7.1 फीसदी, किसान विकास पत्र पर 6.9 फीसदी, सुकन्या समृद्धि योजना पर 7.6 फीसदी ब्याज दर देय है। यह भी उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2021-22 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) पर 8.1 फीसदी ब्याज दर की अनुमति दी है। यह चार दशक से अधिक समय में सबसे कम ब्याज दर है। इसका करीब पांच करोड़ ईपीएफ सदस्यों पर असर पड़ा है।

निस्संदेह पिछले दो वर्षों में कोविड-19 की आर्थिक चुनौतियों से लेकर अब तक देश में आम आदमी, नौकरीपेशा वर्ग और निम्न मध्यम वर्ग के सामने एक बड़ी चिंता उनकी छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दर कम रहने की है। अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा और जीवन स्तर हेतु लिए गए सबसे जरूरी हाउसिंग लोन, ऑटो लोन, कन्ज्यूमर लोन आदि को चुकाने के लिए अधिक ब्याज व किस्तों की राशि में वृद्धि से लोगों की चिंताएं बढ़ गई हैं।

वस्तुतः देश में बचत की प्रवृत्ति के लाभ न केवल कम आय वर्ग के परिवारों के लिए हैं, वरन पूरे समाज व अर्थव्यवस्था के लिए भी हैं। अब भी देश में बड़ी संख्या में लोगों को सामाजिक सुरक्षा (सोशल प्रोटेक्शन) की छतरी उपलब्ध नहीं है। इतना ही नहीं बचत योजनाओं पर मिलने वाली ब्याज दरों पर देश के उन तमाम छोटे निवेशकों का दूरगामी आर्थिक प्रबंधन निर्भर होता हैं, जो अपनी छोटी बचतों के जरिये जिंदगी के कई महत्वपूर्ण काम निपटाने की व्यवस्था सोचे हुए हैं। मसलन, बिटिया की शादी, सामाजिक रीति-रिवाजों की पूर्ति, बच्चों की पढ़ाई और सेवानिवृत्ति के बाद का जीवन। छोटी बचत योजनाएं रिटायर हो चुके और जमा पर मिलने वाले ब्याज पर निर्भर बुजुर्ग पीढ़ी का सहारा बनती हैं।

करीब 14 वर्ष पूर्व 2008 की वैश्विक मंदी का भारत पर कम असर होने का एक प्रमुख कारण भारतीयों की संतोषप्रद घरेलू बचत की स्थिति को माना गया था। फिर 2020 में महाआपदा कोविड-19 से जंग में भारत के लोगों की घरेलू बचत विश्वसनीय हथियार के रूप में दिखाई दी। नेशनल सेविंग्स इंस्टीट्यूट (एनएसआई) द्वारा भारत में निवेश की प्रवृत्ति से संबंधित रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां देश के लोगों के लिए छोटी बचत योजनाएं लाभप्रद हैं, वहीं इनका बड़ा निवेश अर्थव्यवस्था के लिए भी लाभप्रद है। क्या सरकार इस पर गौर करेगी?

जयंतीलाल भंडारी

## संपादकीय

### भाजपा और शिंदे की दुविधा

सरकार बनाने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अब शिव सेना पर अपना नियंत्रण बनाने की पहल कर रहे हैं। उन्होंने पहला कदम बढ़ा दिया है। उद्धव ठाकरे खेमे में बचे हुए 15 विधायकों की सदस्यता खत्म करने का प्रस्ताव स्पीकर को दिया गया है। आदित्य ठाकरे को छोड़ कर बाकी विधायकों की सदस्यता खत्म कराने का दांव है। इसके साथ ही शिव सेना के सांसदों ने भी बगावती तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। एक सांसद ने कहा है कि उद्धव ठाकरे सभी सांसदों को एनडीए की राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को वोट करने का निर्देश दें। राष्ट्रपति चुनाव में वोटिंग के बहाने शिव सेना के सांसदों की बगावत होगी। इसके बाद सत्ता की मदद से पार्टी संगठन के पदाधिकारियों को तोड़ने का प्रयास होगा।

हालांकि मीडिया में ऐसी खबरें आ रही हैं कि शायद भाजपा और शिंदे गुट अब उद्धव ठाकरे को ज्यादा परेशान न करे और पार्टी उनके पास ही रहने दे। उनको लग रहा है कि अगर उद्धव को शिव सेना से बाहर किया और पार्टी हथियाई तो उलटी प्रतिक्रिया होगी और ठाकरे परिवार के लिए सहानुभूति बनेगी। सो, भाजपा और एकनाथ शिंदे दोनों दुविधा में हैं। पर मुश्किल यह है कि अगले तीन-चार महीने में बृहन्नमुंबई नगर निगम यानी बीएमसी के चुनाव हैं। बीएमसी नाम के तोते में ही शिव सेना की जान है। अगर शिव सेना और तीर-धनुष चुनाव चिन्ह उद्धव ठाकरे के पास रहा तो उनको हराना आसान नहीं होगा। दूसरा सवाल यह है कि अगर पार्टी उद्धव के पास रही तो एकनाथ शिंदे गुट किस पार्टी और किस निशान पर लड़ेगा?

## कट्टरता के दौर में कोई कहीं भी सुरक्षित नहीं, बढ़ते सांप्रदायिक विद्वेष की कीमत चुकानी होगी

*पिछले दिनों बांग्लादेश के नड़ाइल में मिर्जापुर यूनाइटेड कॉलेज के प्रोफेसर स्वप्न कुमार बसु और एक छात्र को उपस्थित भीड़ ने पुलिस की मौजूदगी में जूते की माला पहनाई। उन दोनों की गलती क्या थी? छात्र की गलती यह थी कि उसने भारत में चल रहे विवाद के बीच भाजपा से निलंबित नूपुर शर्मा का समर्थन किया था। और प्रोफेसर की गलती क्या थी? उनकी गलती यह थी कि जब क्रुद्ध भीड़ उस छात्र को मारने के लिए उसका पीछा कर रही थी, तब प्रोफेसर ने अपने चेंबर में उस छात्र को शरण दी थी।*

भीड़ ने कॉलेज कैंपस में ही प्रोफेसर के स्कूटर में आग लगा दी। प्रोफेसर ने पुलिस बुला ली। लेकिन पुलिस के जवानों ने प्रोफेसर और छात्र को सुरक्षा देने के बजाय उन्हें भीड़ के हवाले कर दिया, ताकि उन्हें अपमानित किया जा सके और जूते की माला पहनाई जा सके। नूपुर शर्मा की टिप्पणी पर सिर्फ नड़ाइल नहीं, पूरे बांग्लादेश में कट्टरवादियों ने तांडव मचाया था। उन कट्टरवादियों को संभवतः यह मालूम भी नहीं था कि उनके क्षुब्ध होने की वजह क्या है, आखिर विवादास्पद टिप्पणी में कहा क्या गया था।

वर्षों पहले जब मैंने धर्म पर कुछ कहा था, तब भी बांग्लादेश के कट्टरवादियों ने ऐसा ही तांडव मचाया था। वे भी नहीं जानते थे कि वस्तुतः मैंने कहा क्या था। हंगामा मचाने वालों को यह जानने की जरूरत नहीं होती कि वे किस बात पर हंगामा कर रहे हैं। वे जानना भी नहीं चाहते। उनके सामने सवाल रखने की इजाजत नहीं है। किसी तरह की आलोचना या अध्ययन से भी उनका कोई लेना-देना नहीं है। हद तो यह है कि वे सच भी जानना नहीं चाहते।




**धार्मिक रूप से कट्टरवादी जिस तरह मुस्लिम समुदाय में हैं, उसी तरह हिंदू समुदाय में भी हैं। और समाज में कट्टरवाद बढ़ने से हिंदू-मुसलमान, किसी की भी सुरक्षा की गारंटी नहीं है। ऐसे में, सबसे ज्यादा मुश्किल उदारवादियों को होती है।**

ऐसे कट्टरवादियों को जब पता चलता है कि किसी ने उनके धर्म से जुड़ी कोई बात कही है, तो धार्मिक भावना पर आघात लगने का आरोप लगाते हुए वे सड़कों पर उतर पड़ते हैं और समुदाय विशेष को निशाना बनाने के अपने हिंसक और विध्वंसात्मक अभियान में लग जाते हैं। खासकर मुस्लिम देश जब अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के विरोध में खड़े हैं, तब यह सवाल पैदा होता है कि यह दुनिया क्या मुस्लिमों और गैर मुस्लिमों में विभाजित हो जाएगी।

मैंने यह पाया है कि हाल के कुछ वर्षों में बांग्लादेश में अनेक शिक्षकों पर हमला बोला गया है, जिनमें से ज्यादातर अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय से हैं। ऐसा लगता है कि वहां का बहुसंख्यक समुदाय हिंदुओं को अब शिक्षकों के पद पर नहीं देखना चाहता।

हिंदुओं की जमीन और संपत्ति पर पहले ही कब्जा हो चुका है, अब उनको शिक्षकों के सम्माननीय पेशे से हटाने की तैयारी है। स्वप्न कुमार बसु को अपमानित करने के कुछ ही दिन बाद आशुलिया में एक मुस्लिम छात्र ने हिंदू शिक्षक की क्रिकेट के विकेट से पीट-पीटकर हत्या कर दी। उस शिक्षक का दोष क्या था? उन्होंने एक छात्रा के साथ दुर्व्यवहार के मामले में उस छात्र को डांटा था। चूंकि वह छात्र स्कूल के मालिक का रिश्तेदार बताया जाता है, ऐसे में, मानना मुश्किल है कि उसे अपने अपराध की सख्त सजा मिलेगी। हालांकि हिंदू शिक्षकों को निशाना बनाने के विरोध में बांग्लादेश में कई जगहों पर प्रदर्शन भी हुए हैं, समाज में बढ़ती कट्टरता के खिलाफ आवाज उठाई गई है। लेकिन अच्छी चीजों के बजाय बुरी चीजों का असर और प्रसार ज्यादा होता है। इसीलिए मानवता के पक्ष में उठी आवाजों की तुलना में सांप्रदायिक विद्वेष और फतवा देने की प्रवृत्ति ही चर्चा में ज्यादा रहेगी। पूरे बांग्लादेश का एक जैसा हाल है। अल्पसंख्यक हिंदू निशाने पर हैं। क्या बांग्लादेश को सौ फीसदी मुस्लिम देश बनाने का लक्ष्य है? यही हाल रहा, तो बांग्लादेश के अफगानिस्तान में बदलने में देर नहीं लगेगी।

तस्लीमा नसरीन

## मिला जुला

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक हुई आयोजित

मेनपावर बढ़ाने और समांतर कार्य कराकर निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में विगत दिवस कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्राम, बसाहटों में टेपनल के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने हेतु तैयार की गई योजना का अनुमोदन एवं क्रियान्वयन के सम्बंध में चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेंद्र यादव, वनमंडलाधिकारी जितेंद्र उपाध्याय, जिला शिक्षा अधिकारी जेके प्रसाद, सीएमएचओ रंजीत टोप्पो, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग व्हीके उरमलिया सहित अन्य विभागों के



जिला अधिकारी एवं पीएचई के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर अग्रवाल ने सभी विकासखंडो में पंचायतवार जल जीवन मिशन के कार्यों की जानकारी लेते हुए डीपीआर तैयार करने, प्रशासकीय स्वीकृति, निविदा एवं कार्यादेश के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए साथ ही प्राप्त सभी डीपीआर का शीघ्र परीक्षण कर ड्राफ्ट व शेड्यूल ऑफ क्वानटिटी जैसी अन्य आवश्यक तकनीकी कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने की बात कही। उन्होंने पीएचई के कार्यपालन अभियंता को जल्द से जल्द सभी योजनाओं की निविदा आमंत्रण की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही प्राप्त निविदाओं पर आगे की कार्यवाही करते हुए इकाईयों को कार्य आदेश जारी करने के लिए कहा। इस हेतु जिला एवं ब्लॉक स्तर पर मेनपावर बढ़ाने, समांतर रूप से सभी कार्यो को पूर्ण करने की बात कही साथ ही नियमित रूप से कार्यो का मॉनिटरिंग करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने पंचायतवार जल जीवन मिशन के कार्यों की डीपीआर की जानकारी तैयार कर सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को सभी विकासखंड हेतु पृथक-पृथक टीम लगाने तथा निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर अग्रवाल ने जल जीवन मिशन के तहत टेपनल के माध्यम से सभी शासकीय भवनों में पेयजल उपलब्ध कराने के कार्यों की भी समीक्षा की। साथ ही सभी विकासखंड के स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्र, आश्रम छात्रावासों में रनिंग टेप वाटर की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को उक्त कार्य का जल्द से जल्द भौतिक सत्यापन कराने कहा। कलेक्टर अग्रवाल ने विभाग के एमआईएस पोर्टल पर एफ एचटीसी की त्रुटिपूर्ण एंट्री में सुधार लाने एवं अद्यतन जानकारी एंट्री करने हेतु निर्देशित किया।

## अमरनाथ में बादल फटने से तबाही

# अमरनाथ 'जल सैलाब' में अब तक 16 की मौत



**अमरनाथ** गुफा के पास शुक्रवार शाम करीब साढ़े 5 बजे बादल फट गया। इससे कैंप के बीच से अचानक सैलाब आ गया। आपदा के दौरान गुफा के पास 10-15 हजार श्रद्धालु मौजूद थे। कई लोग टेंट के साथ बह गए। इनमें से अब तक 16 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, प्रभावित क्षेत्र में अभी भी 35 से 40 श्रद्धालुओं के फंसे होने की खबर है।

बादल फटने की घटना पवित्र गुफा के एक से दो किलोमीटर के दायरे में हुई। पहाड़ों से तेज बहाव के साथ आए पानी से श्रद्धालुओं के लिए लगाए गए करीब 25 टेंट और दो से तीन लंगर बह गए। आपदा के बाद राहत और बचाव कार्य जारी है। सेना के जवान, जम्मू-कश्मीर पुलिस, NDRF, ADRF, ITBP के जवान प्रभावित क्षेत्र में फंसे लोगों को रेस्क्यू करने में जुटे हैं।

### अमरनाथ के बाद डोडा में बादल फटा, कई गाड़ियां तबाह, हाईवे ब्लॉक

श्रीनगर. अमरनाथ के बाद जम्मू-कश्मीर के डोडा गुंटी वन में बादल फट गया. इसके चलते बाढ़ के हालात बन गए. लिहाजा कई गाड़ियां मिट्टी में धंस गईं. इतना ही नहीं हाईवे ब्लॉक हो गए. बताया जा रहा है बाढ़ का पानी आर्मी कैंप में भी घुस गया. हालांकि अभी तक किसी के भी हताहत होने की कोई जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन बताया जा रहा है कि इलाके के कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं. एजेंसी के मुताबिक स्थानीय अधिकारी ने बताया कि ठठरी बेल्ट के गुंटी वन क्षेत्र में सुबह करीब चार बजे बादल फटा, जिसके चलते भारी बाढ़ आ गई. इस वजह से कुछ वाहन कीचड़ में फंस गए. कुछ समय के लिए हाईवे ब्लॉक हो गया था, लेकिन अब इसे यातायात के लिए बहाल कर दिया गया है. ठठरी में बादल फटने से सड़कों पर पानी भर गया. लिहाजा आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया. वहीं प्रशासन की ओर से राहत कार्य चलाया जा रहा है.

### कॉपी-किताब के बढ़े दाम, शिक्षा हुई महंगी

**महासमुंद ।** कोरोनाकाल से बढ़ी महंगाई की मार झेल रहे लोगों पर स्कूली सामग्री की कीमतों में हुई 25-30 फीसदी की वृद्धि ने पालकों की आर्थिक स्थिति बिगाड़ दी है। इधर, महंगी कॉपी-किताबों के बीच निजी स्कूलों में हुई फीस वृद्धि से बजट गड़बड़ा गया है।

बीते 16 जून से स्कूल खुलने के बाद से पालक बच्चों के लिए, शिक्षण सामग्री लेने दुकानों में पहुंच रहे हैं जहां उन्हें कॉपी-किताब के दाम उनके होश उड़ा रहे हैं। सीधे तौर पर शिक्षण सामाग्रियों की कीमत करीब 25-30 फीसदी तक बढ़ गए हैं। एक बच्चे की कॉपी-किताब, यूनिफार्म लेने में ही पालकों को 5 से 7 हजार रुपए खर्च करना पड़ रहा है।

## जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति एवं सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में सीईओ जिला पंचायत कुणाल दुदावत की उपस्थिति में जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति डीएलआरसी एवं जिला स्तरीय सलाहकार समिति डीएलसीसी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सभी बैंकों को राशि लेन देन में सुरक्षा प्रक्रिया के कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने कहा गया। सीईओ जिला पंचायत ने उप संचालक, कृषि विभाग से बैंक वार और विकासखण्ड वार किसान क्रेडिट कार्ड की जानकारी ली। सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि



आगामी तीन माह में विशेष अभियान चलाकर किसान क्रेडिट कार्ड बनाये जाए। जिले में 52 हजार से ज्यादा नवीन किसान क्रेडिट कार्ड बनाये गए हैं। उन्होंने कहा कि दो हज़ार लक्ष्य अनुरूप मत्स्य पालकों के भी केसीसी अभियान चलाकर बनाने के निर्देश दिए। लीड बैंक मैनेजर विकास गुप्ता ने बैठक में बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में जिले के सीडी रेश्यो में 2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दुदावत ने उन्हें इस वित्तीय वर्ष में 2 से 5 प्रतिशत की वृद्धि के अनुरूप कार्य करने की कार्ययोजना तैयार करने निर्देशित किया। इसके साथ ही शिक्षा लोन एवं मुद्रा योजना के तहत लोन प्रकरण प्राप्त करने विशेष कैम्प करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही बैठक में पिछली बैठक की कार्यवाही, वार्षिक साख योजना को उपलब्धि, एनयूएलएम एमएमवायएसवाय, पीएमईजीपी, अंत्यावसायी अंत्योदय आदिवासी स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, सामाजिक सुरक्षा योजना, मुद्रा योजना, केसीसी योजनांतर्गत पशुपालन एवं मत्स्यपालन एवं फसल बीमा योजना पर चर्चा की। साथ ही बैकों के जमा अग्रिम, सीडी रेशियो, फ इनेंसियल इनक्लूजन प्लान, डिजिटल पेमेंट बढ़ावा देने, सेंट्रल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के सम्बंध में चर्चा की गई।

## नशा मुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाएगा पूर्व विधायक डॉ.चोपड़ा का जन्मोत्सव

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा का जन्मोत्सव 10 जुलाई को नशा मुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए डॉ विमल चोपड़ा जन्मोत्सव समिति एवं नशाबंदी सम्मेलन के संयोजक द्वय देवी चंद राठी एवं लक्ष्मीकांत तिवारी ने बताया किए नशा मुक्ति दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट कृषि मंत्री कमल पटेल होंगे। भाजपा सांसद एवं पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री सरोज पांडे कार्यक्रम की



अध्यक्षता करेंगी। विशेष अतिथि की आसंदी पर उड़ीसा राज्य के कैबिनेट मंत्री राजू भाई ढोलकिया और क्षेत्रीय सांसद चुन्नीलाल साहू उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रू कुमारी चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया, जिला प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, जिला सर प्रभारी अवधेश चंदेल, भाजपा प्रदेश नशाबंदी प्रमुख वेदराम मन हरे, पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक रामलाल चौहान, परेश बागबाहरा, त्रिलोचन पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छतर सिंह नायक, वरिष्ठ भाजपा नेता मोतीलाल साहू, शंकर अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह गोल्डी, चंद्रहास चंद्राकर, जिलाध्यक्ष साहू समाज धरम साहू, हेल्थ वॉलिंटियर्स संयोजक ललिता अग्रवाल, प्रदीप चंद्राकर, संजय शर्मा प्रकाश चंद्राकर अलका चंद्राकर, स्मिता चंद्राकर, नितिन उपोवेजा, नरेंद्र वाघमारे सोमनाथ पांडे सतपाल सिंह पाली श्याम सागर कर वह पप्पू पटेल उपस्थित रहेंगे।

# राजपुरी के जंगल में दिखा दुर्लभ प्रजाति का गिरगिट

## वन विभाग के अधिकारियों को दिखाकर जंगल में सुरक्षित छोड़ा गया

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

छत्तीसगढ़ राज्य के अधिकांश घनघोर जंगल अपने आप में कई रहस्यों को समाए हुए हैं। यहां पाए जाने वाले साल सागोन महुवा वनों के द्वीप में कई ऐसी जैव प्रजातियां मौजूद हैं जो अपने आप में काफी अनूठी हैं। यहां के जंगलों में अक्सर दुर्लभ प्रजातियों के ऐसे जीव देखने मिलते हैं। जो आम तौर पर कहीं दिखाई नहीं देते। बेमेतरा जिले के नगर पंचायत नवागढ़ के युवा किसान किशोर कुमार राजपूत को जशपुर जिले के नगर पंचायत बगीचा में स्थित राम वन गमन पथ जंगल में शुक्रवार सुबह 9 बजे भी एक ऐसा ही अनोखा जीव देखने को मिला हैं। जो गिरगिट की एक दुर्लभ प्रजाति का बेहद आकर्षक जीव है। यह आकार में सामान्य गिरगिट से काफी बड़ा है और इसके शरीर का रंग धारीदार हरा है। सड़क पर चल रहे इस जीव को वन विभाग बागीचा के अधिकारियों को दिखाकर शोभनाथ एक्का ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी लुण्ड्रा की उपस्थिति में जंगल में सुरक्षित छोड़ा गया है।

### हरे रंग की वजह से दुश्मन को बचाते हैं

हरे रंग की वजह से यह गिरगिट पेड़ों और पत्तियों के बीच आसानी से छिप जाता है और फिर घात लगाकर अपने भोजन के लिए छोटे कीड़े मकोड़ों का शिकार करता है। अपने इस खास शारीरिक रंग के चलते यह दूसरे बड़े शिकारी जानवरों से अपना बचाव भी आसानी से कर लेता है। रास्ते में चलने के दौरान मालूम हुआ कि वह एक मादा गिरगिट है जो इस समय गर्भवती हैं। और जल्द ही अंडे देने वाली है। इनका मुंह काफी बड़ा होता है।

### इस दुर्लभ गिरगिट की शारीरिक बनावट



छत्तीसगढ़ राज्य के बगीचा में पाए जाने वाले इस गिरगिट की आंखों की बनावट लेंस नुमा दिखती हैए जिसकी फ ोकस क्षमता काफ ी अच्छी होती है। इसकी कुछ प्रजातियां दक्षिणी यूरोप, दक्षिण एशिया और ऑस्ट्रेलिया में भी मिलती हैं। इसकी चलने की रफ्तार बहुत कम है। इसकी मुख्य वजह हाथ व पैर की पांचों अंगुलियां जुड़ी हुई हैं। इंडियन कैमेलियन के शरीर पर पीले धब्बे नुमा हरा रंग और बड़ी-बड़ी सर्चलाइट नुमा आंखें होती हैं। इसकी जीभ की लंबाई 4 से 5 इंच तक होती है जो जरूरत पड़ने पर और बड़ी हो सकती है। यह मुख गुहा में स्प्रिंग की तरह गोल बनाकर रखी जाती है। अग्रभाग कूपनुमा होने के साथ जीभ पर लिलिसा पदार्थ लगा रहता है। जो कीट-पंतंगे पकड़ने के लिए मददगार रहता है। चुटकी में रंग बदलने की क्षमता रखने वाले इंडियन कैमेलियन की पूंछ भी उतनी ही लंबी होती है। जो स्प्रिंग की तरह गोल रहती है। इसकी मदद से यह टहनियां पकड़कर लटकते हुए चलता फिरता है। इस लिहाज से इसके शरीर व पूंछ की लंबाई कभी-कभी 14 से 16 इंच तक पहुंच जाती है। इसके मुंह में न तो विष ग्रंथियां होती हैं और न ही इसमें अंश मात्र जहर होता है। भारत में यह विलुप्ति की कगार पर है।

### इस गिरगिट के ये सब दुश्मन

जीव विज्ञान के जानकारों की राय में गिरगिट रात के समय पेड़ों पर ही रहते हैं। सूर्योदय के साथ सुबह करीब 10 बजे तक गिरगिट खाने की तलाश करता है। इसके बाद शाम 4 बजे तक गिरगिट सुस्ताता है। भूखा होने की स्थिति में आराम समय में कुछ परिवर्तन संभव है। शाम 4 बजे से गिरगिट फिर एक बार भोजन की तलाश शुरू करता है। सूर्यास्त के कुछ मिनटों पहले गिरगिट की चाल धीमी हो जाती है। अंधेरा होने पर गिरगिट वृक्ष की ऊंची और नीचे की ओर झुकी हुई पतली शाखा में चपटा होकर सोता है। इसे हर पल उल्लू, बड़े सर्प और गोह से खतरा रहता है वैसे, गिरगिट आलसी और शांतिप्रिय होता है।

### कम ज्यादा तापमान सहन नहीं कर सकता

***18 डिग्री से नीचे तापमान सहन नहीं कर पाता गिरगिट सर्दी के मौसम में गिरगिट दीवारों, चट्टानों की दरारों में, पेड़ के खोखले हिस्से या घास-फूस में छिपकर समय बिताता है। कारण कि 18 डिग्री से नीचे के तापमान को गिरगिट सहन नहीं कर पाता है। वहीं 10 डिग्री से तापमान के नीचे आते ही यह बिल्कुल निष्क्रिय हो जाता है। कहते हैं 6 डिग्री तापमान में यह बिल्कुल अधमरा सा एक जगह पड़ा रहता है। जैसे.जैसे पारा कम होता हैए वैसे वैसे यह वापस से फुर्तिला हो जाता है।***

# महिला कांग्रेस का मंहगाई विरोधी धरना, मोदी शाह से स्तीफे की मांग

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

बेतहाशा महंगाई के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर महिला कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष फूलों देवी नेताम के निर्देश पर महासमुंद महिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा कांग्रेस भवन के समक्ष नेहरू चौक में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जिसका नेतृत्व जिला अध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर एवं कांग्रेस कमेटी महिला शहर अध्यक्ष अन्नू चंद्राकर के द्वारा किया गया। धरना प्रदर्शन करके नरेंद्र मोदी के बीजेपी सरकार के द्वारा आम जनता के ऊपर बेतहाशा महंगाई का जो बोझ बढ़ा दिया है। उसके विरोध में जमकर नारेबाजी की गई एवं कांग्रेसजनों के द्वारा बीजेपी की नेताओं के द्वारा देश के महंगाई को नियंत्रित ना कर पाने की अक्षमता को बताते हुए तत्काल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह



को त्यागपत्र देकर देश पर बढ़ गए। आर्थिक बोझ एवं देश की जनता के ऊपर लादे जाने वाली महंगाई से मुक्त करने की मांग की गई। कार्यक्रम में अन्य महिलाओं ने भी अपने विचार रखे तथा मोदी सरकार को जमकर कोसा गया। जिसमें डॉ. रश्मि चंद्राकर जिला अध्यक्ष,खिलावन बघेल अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी,संजय शर्मा प्रभारी महामंत्री, अन्नु चंद्राकर शहर अध्यक्ष महिला कांग्रेस, ब्रिजेन बंजारे सरपंच,सती साहू प्रदेश उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस,निरंजना चंद्राकर,भूमिका ध्रुव,ममता च ंद्राकर, दुर्गा यदु, समीक्षा, लक्ष्मी सोनी,योजना सिंह,यमुना वर्मा,आरती महंती,दशोदा ध्रुव,शहर उपाध्यक्ष राजू साहू,प्रदीप चंद्राकर,सुनील चंद्राकर,चंद्रेश साहू,बीआर वर्मा,अजय भोई,अशोक चंद्राकर एवं अन्य महिला नेत्री ने खाली सिलेंडर और तख्ती के साथ जोरदार प्रदर्शन किया कार्यक्रम के अंत में महिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष अन्नू चंद्राकर ने आभार व्यक्त की।

# 4 साल के मासूम के साथ बाप ने पहले अप्राकृतिक संबंध बनाया, फिर गला घोंटकर किया हत्या

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



सीपत के सेलर गांव में चार साल के मासूम बच्चे की हत्या करने के आरोपी पिता को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पिता ने शराब के नशे में उसने अपने ही मासूम बेटे के साथ पहले अप्राकृतिक कृत्य किया, फि र गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद बच्चे के गायब होने की झूठी कहानी भी बना दी। वारदात के बाद देर रात उसने शव को गली में ले जाकर फेंक दिया। पकड़े जाने के बाद आरोपी पिता ने अपराध स्वीकार कर लिया है। पिता जिसकी उंगली पकड़कर बच्चे चलना सीखते हैं, जिसके कंधे में बैठकर बच्चे दुनिया देखते हैं। पिता जो अपने बच्चों की परवरिश के लिए किसी भी हद को पार देते हैं। लेकिन सीपत थाना क्षेत्र के सेलर गांव में रहने वाले मदन सूर्यवंशी ने अपनी सारी हदें पार करते हुए अपने ही 4 साल के बेटे शौर्य उर्फ बल्लू के साथ ना सिर्फ अनाचार किया बल्कि उसे मौत के भी घाट उतार दिया। बताया जा रहा है कि मदन और उसकी पत्नी के बीच कुछ विवाद था और शुक्रवार को मदन के घर वाले बाहर गए थे इस बीच उनका 4 साल का बेटा शौर्य घर के बाहर खेल रहा था खेलते खेलते वह गायब हो गया। रात होने पर बच्चे को ढूंढा जाने लगा। लेकिन देर रात तक बल्लू का कुछ पता नहीं चला।

# कलेक्टर ने कुनकुरी के केराडीह में जल जीवन मिशन योजना के कार्यो का किया निरीक्षण

## ग्रामीणों से टंकी निर्माण से होने वाले फायदे एवं पेयजल की उपलब्धता के संबंध में ली जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने कुनकुरी विकासखंड के ग्राम पंचायत केराडीह में जल जीवन मिशन योजना के कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेंद्र यादव, ईई पीएचई व्ही के उरमालिया सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने केराडीह में स्थापित पानी टंकी का अवलोकन करते हुए टंकी की क्षमता, लागत राशि, घरों में पेयजल की पहुंच के संबंध में विस्तार से जानकारी ली।



उन्होंने ग्रामीणों के घरों तक पाइपलाइन के माध्यम से निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही टंकी का रख रखाव एवं आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। कलेक्टर ने ग्रामीणों से टंकी निर्माण से होने वाले फ ायदे एवं पेयजल की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली।

# संभागायुक्त चुरेन्द्र की अध्यक्षता में जाति प्रमाण पत्र बनाने के सम्बंध में समाज प्रमुखों की जिला स्तरीय बैठक हुई आयोजित

## बैठक में सभी समाज प्रमुखों ने जाति प्रमाण पत्र बनाने में आ रही समस्याओं के सम्बंध में दी गईं जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जाति प्रमाण पत्र बनाने में आ रही समस्याओं के सम्बंध में सरगुजा संभागायुक्त जीआरचुरेन्द्र की अध्यक्षता में विगत दिवस मंत्रणा सभाकक्ष में समाज प्रमुखों की जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल,डीपीनागेश, डिप्टी डायरेक्टर, टीआरआई, अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर, सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास बीके राजपूत, विभिन्न समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में उरांव, संसारी उरांव, कोरवा, पहाड़ी कोरवा, दिहाड़ी कोरवा,



अघरिया, नगेशिया, गोंड़, कंवर, मुंडा, भूईहर, भूईया, नागवंशी, चिक चिकवा, इसाई, घांसी, मलार, तुरी, महली, सहित अन्य समाज प्रमुख द्वारा बारी बारी अपने समाज के लोगों की जाति प्रमाण पत्र बनाने में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि मात्रात्मक त्रुटि, दस्तावेजों की कमी, क्षेत्रीय बोल चाल की भाषा व निवास से जातियों के मध्य आई भिन्नता जैसे अन्य कारणों से समाज के लोगों का जाति प्रमाण पत्र बनने में समस्या आ रही है। साथ ही कई जातियों द्वारा बताया गया कि उनकी जाति अभी तक अधिसूचित ही नहीं हो पाई है। कमिश्नर चुरेन्द्र ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि भू-अभिलेख मिसल में दर्ज जाति के आधार पर लोगों का जाति प्रमाण पत्र बनाया जा रहा था। मुख्यमंत्री ने प्रदेशव्यापी भेंट मुलाकात के दौरान जाति प्रमाण पत्र बनाने के संबंध में सामने आए समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका जांच करा निराकरण करने के निर्देश दिए है।



# एक नजर

## आंगनबाड़ी सहायिका एवं मिनी कार्यकर्ता के पद हेतु दावा आपत्ति 20 जुलाई तक आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना के परियोजना अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जशपुर एवं लोदाम के लिए आंगनबाड़ी सहायिका एवं मिनी कार्यकर्ता की नियक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। आवेदन उपरांत प्राप्त आवेदनों का मूल्यांकन एवं परीक्षण कर योग्यता एवं पात्रता रखने वाले आवेदकों का वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया गया है। इस संबंध में आवेदकों से दावा आपत्ति 20 जुलाई 2022 तक आमंत्रित किया गया है। आवेदक अपना दावा उक्त तिथि तक कार्यालयीन समय में परियोजना जशपुर में प्रस्तुत कर सकते है।

## यू-डाईस प्रविष्टि एवं मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तर पर अधिकारी नियुक्त

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

समग्र शिक्षा जिला मिशन समन्वयक से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत सरकार ने स्कूल और उसके संसाधनों से संबंधित कारकों के बारे में स्कूल विवरण एकत्र करने के लिए शिक्षा मंत्रालय के तहत यूनिफ ाईड डिस्ट्रिक्ट इन्फारमेशन सिस्टम फ ॉर एजुकेशन प्लस तैयार किया गया है। जिला मिशन समन्वयक ने बताया कि वर्तमान में यू-डाईस प्लस डिजिटल प्लेटफ ार्म के द्वारा समस्त प्रकार की शालाओं कक्षा नर्सरी से 12वीं तकद्ध का डाटा संकलन किया गया है। शालाओं द्वारा प्रविष्टि की गयी डाटा का विकास खण्ड एवं जिला स्तर पर सत्यापन कर यू-डाईस प्लस पोर्टल में संकलित डाटा का सुधार विकास खण्ड स्तर पर सत्यापन का कार्य विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक द्वारा एवं प्रविष्टि का कार्य एमआईएस कोऑर्डिनेटर द्वारा करायी जा रही है।

उन्होंने बताया कि जशपुर जिले में शासकीय 2252ए अनुदान प्राप्त 124ए मदरसा 20ए प्राइवेट 240ए केन्द्रीय विद्यालय 1ए जवाहर नवोदय विद्यालय 1ए समाज कल्याण विभाग संचालित स्पेशल स्कूल 1ए एकलव्य विद्यालय 5ए डीण्एण्व्हीण् मुख्यमंत्री स्कूल 3 एवं प्रयास विद्यालय 1 कुल 2648 शाला संचालित है। यू.डाईस प्लस पोर्टल के डाटा के आधार पर ही समग्र शिक्षा का वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट तैयार किया जाता है। इसके अतिरिक्त इस जानकारी का उपयोग अन्य योजनाओं जैसे.गणवेशए पाठ्यपुस्तकए पीजीआई आदि के महत्वपूर्ण योजनाओं में भी किया जाता है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री जेण्केण् प्रसाद ने यू.डाईस प्रविष्टि एवं मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तर पर जिन अधिकारी नियुक्त किया है। जिनमें श्री अरूण कुमार चन्द्राए प्रोग्रामर एवं श्री अजय बैसए सहायक प्रोग्रामर है।

## कलेक्टर ने कुनकुरी के खड़सा पंचायत में स्टॉप डेम का किया निरीक्षण

### किसानों से चर्चा कर फसल बुआई की स्थिति के संबंध में ली जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने आज कुनकुरी विकासखंड के ग्राम पंचायत खड़सा के सरना झरिया नाले पर बने स्टॉप डेम एवं खेतों में फ सल बुआई की स्थिति का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेंद्र यादव, वनमंडलाधिकारी जितेंद्र उपाध्याय, जनपद सीईओ लोकहित भगत सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने स्टॉप डेम का अवलोकन करते हुए नाले में जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने स्टॉप डेम की समय समय पर साफ-सफ ाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने डेम से लगे खेतों के किसानों से फ सल बुआई की स्थिति की भी जानकारी लेते हुए उन्हें धान के बदले अन्य फ सल लेने एवं जैविक खाद के उपयोग की समझाईश दी। किसान चमून सिंह ने बताया कि डेम से नजदीक उसका 14 एकड़ जमीन है जहां वह खरीफफसल की बोनी की तैयारी कर रहा है। उसके द्वारा वर्तमान में धान की फ सल ली जाएगी साथ ही रवि के समय गेहूं सहित अन्य फ सल का उत्पादन किया जाएगा। किसान ने बताया कि वह अपने खेतों में रासायनिक खाद के साथ-साथ जैविक खाद का भी उपयोग करता है।

# बस्तर फाइटर आरक्षक भर्ती 2021-22 की लिखित परीक्षा का आयोजन

## लिखित परीक्षा 17 जुलाई 2022 को पूर्वाह 10 से 12 बजे तक स्वामी आत्मानन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल में होंगी संचालित

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।

बस्तर फ ाईटर्स आरक्षक भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2021-22 अन्तर्गत शारीरिक दक्षता परीक्षा में योग्य पाये गये अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा 17 जुलाई 2022 को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल बीजापुर में ली जाएगा। बस्तर फ ाईटर्स आरक्षक भर्ती प्रक्रिया के तहत 09 मई 2022 से 09 जून 2022 तक अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की छानबीन, शारीरिक मापतौल एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा की कार्यवाही की गई। जिसमे कुल 100 अंकों की शारीरिक दक्षता की कार्यवाही सम्पन्न की गई। उपरोक्त शारीरिक दक्षता परीक्षा प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात 269 पुरूष, 30 महिला, कुल 299



अभ्यर्थियो का नियमानुसार आगामी लिखित परीक्षा हेतु योग्य पाये गये हैं। योग्य अभ्यर्थियो की लिखित परीक्षा 50 अंकों की होगी। 17 जुलाई 2022 को होने वाले लिखित परीक्षा के लिए 12 जुलाई 2022 से 15 जुलाई 2022 तक पुलिस अधीक्षक कार्यालय बीजापुर में शारीरिक दक्षता परीक्षा में योग्य पाये गये अभ्यर्थियों का प्रवेष पत्र वितरित किया जावेगा। अभ्यर्थी कार्यालयीन समय 10 बजे से 5 बजे तक आकर शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान दिये गये प्रवेश पत्र जमा कर लिखित परीक्षा के लिए प्रवेष पत्र प्राप्त कर सकते हैं ।लिखित परीक्षा 17 जुलाई को निर्धारित परीक्षा केन्द्र स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल बीजापुर में अभ्यर्थियों की प्रातः 08 बजे से बायोमेट्रिक शिनाख्ति पश्चात ही परीक्षा केन्द्रध्कक्ष में प्रवेश दी जावेगी । अभ्यर्थी समयावधि में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। लिखित परीक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश अभ्यर्थियों को जारी प्रवेश .पत्र में उल्लेख की गई है। उल्लेखनीय है, कि 17 को आयोजित की जा रही लिखित परीक्षा में अभ्यर्थी के प्राप्तांको के आधार पर मेरिट सूची अनुसार पुलिस अधीक्षक कार्यालय में माह अगस्त 2022 के प्रथम सप्ताह में 20 अंको का साक्षात्कार लिया जावेगा। बस्तर फाईटर्स आरक्षक पद पर भर्ती की उपरोक्त समस्त प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण किया जाकर 15 अगस्त 2022 के पूर्व अभ्यर्थियों की प्राप्तांकों शारीरिक दक्षता परीक्षा, लिखित परीक्षा, साक्षात्कार एवं बोनस अंक के महायोगद्ध के आधार पर अंतिम चयन सूची जारी करने का लक्ष्य रखा गया है। पुलिस अधीक्षक, जिला बीजापुर द्वारा बताया गया कि जिला बीजापुर अंतर्गत क्षेत्र की शांति सुरक्षा एवं विकास कार्यो सहित स्थानीय वनांचल के युवक-युवतियों को रोजगार का अवसर प्रदाय करने के उद्देश्य से शासन के मंशानुरूप एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा दिये गये निर्देशानुसार आयोजित बस्तर फ ाईटर्स आरक्षक पद की भर्ती प्रकिया में बीजापुर जिला के स्थानीय अभ्यर्थियों युवक-युवतियों द्वारा उत्साह से भाग लिया जा रहा है।

# मां महामाया फाउंडेशन ने कराया छात्रों के लिए अहम आयोजन

## मोटिवेशनल स्पीकर संदीप श्रीवास्तव ने लिया मोटिवेशनल सेशन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

अम्बिकापुर के माता राजमोहनी देवी भवन में शहर की प्रमुख संस्था मां महामाया फ ाउंडेशन के द्वारा मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के कई नामी स्कूलों के सैकड़ों छात्र-छात्राएं को शामिल होने का मौका मिला। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व विशेष अतिथि के तौर पर विवेकानंद विघालय के स्वामी तंमयनंद महाराज और शहर महापौर डॉ.अजय तिर्की शामिल हुए, वहीं विवेकानंद व सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य भी मौजूद थे,साथ शहर के गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए, सेमिनार के दौरान मोटिवेशन स्पीकर संदीप





श्रीवास्तव से विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने परेशानियों का हल सीखाए जैसा परीक्षा के डर को कैसे खत्म करें, डिप्रेसन कैसे ना होने दे, टाइम मैनेजमेंट, सही फ्रेंड सर्किल का चुनाव कैसे करें साथ ही परीक्षा संबंधी कई विषयों पर होने वाले समस्याओं का छात्रों को समाधान बताया गया। आयोजक माँ महामाया फ ाउंडेशन के अध्यक्ष ने सोनू केदार ने बताया कि बीते दो सालों से कोरोना महामारी की वज़ह से सभी शिक्षण



संस्थानें बंद थी। ऐसे में बच्चे मोबाइल की तरफज्यादा आकर्षित हो गए हैं। पढ़ाई में रुझान कम देखने को मिल रहा है और बच्चे मोबाइल की दुनिया में खोते जा रहे हैंण् जिसकी वजह से बच्चे डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं। हमारी संस्था ने छात्रों के मानसिक व शैक्षिक विकाश के लिए आरम्भ सेमिनार का आयोजन करने का फैसला लिया है। माँ महामाया फाउंडेशन द्वारा यह आयोजन बिना किस शुल्क के राज्य के कई जिलों में कराया जाएगा जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्रों को लाभ हो सके और छात्र जीवन मे होने वाले कई बड़े परेशानियों का हल फाउंडेशन द्वारा छात्रों को समय रहते दिया जा सके। आपको बता दें कि मोटिवेशन स्पीकर संदीप श्रीवास्तव ने कई राज्यों के विघालयों में छात्रों के लिए कई अहम सेमिनार लिए हैं। ज्ञात हो कि आयोजित मां महामाया फ ाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम आरंभ में स्पीकर संदीप श्रीवास्तव ने अपना सौंवा सेशन सफलता पूर्वक पूर्ण किया।

# आदिवासी बैगा बच्चों का जान खतरे में न पड़ जाए शिक्षा विभाग की लापरवाही के चलते

जोहार छत्तीसगढ़-पंडरिया।

पंडरिया वनांचल क्षेत्र के स्कूल भगवान भरोसे चल रहा है आपको बता दे। वि.खड पंडरिया,संकुल केंद्र भाकुर, शा.प्राथ.शाला जखनाडीह में बच्चे लोग हाफ नदी में अपने भोजन किए हुए थाली धोने के लिए गए थे इससे आप अंदाजा लगा सकते है कि कितनी बड़ी जोखिम को बुलावा दे रहे है






जिमेदार शाला कर्मचारी इतने छोटे-छोटे बच्चे है पहली से पांचवीं क्लास के जिनको ये भी पता नहीं होगा कि नंदी में बाढ़ आने पर क्या हो सकता है।

### नदी में कभी भी बाढ़ दस्तक दे देती है

*स्थानी कुछ लोगों से बात करने पर बताया ग्राम पंचायत छिदीडीह का आश्रित ग्राम जकनाडीह छत्तीसगढ़ का लास्ट छोर है। मध्यप्रदेश से लगा हुआ है जिसके चलते कभी भी बारिश होती रहती है जिसके वजह से नंदी में बाढ़ आने की डर बना रहता है पर भी जिम्मेदार कर्मचारिओं को जानकारी होने के बाद भी बच्चे लोगों को नदी में जाने से नहीं रोकते और अनहोनी को बुलावा दे रहे हैं। जो समझ से परे है।*

### मॉनिटरिंग का अभाव

आपको बता दे ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी,खण्ड स्रोत समन्वयक,संकुल प्रभारी इस प्रकार के अधिकारी न्युक्ति की गई रहती है ताकि स्कूलों के मॉनेटरिंग करते है बच्चों को किसी प्रकार का दिक्क्त न हो पर यहां तो कुछ और देखने को मिला बच्चे अपने जान जोखिम में डाल कर अपने खाना खाएं हुए थाली को हाफ नदी में उतर कर साफ करते नजर आए इससे साफ जाहिर होता है यहां मॉनिटरिंग करने नहीं आते अधिकारी कर्मचारी मात्र मुख्यालय में बैठ कर कुर्सी तोड़ने में लगे रहते हैं।

### मेंनू के आधार पर नहीं बनते भोजन

शासन द्वारा स्कूलों में बच्चों को गुणवत्ता व पोषण युक्त भोजन प्रदान करने के लिए मध्यान भोजन शुरू की गई है। परंतु उन्हें गुणवत्ता युक्त व मेनू के अनुसार भोजन नहीं मिल पा रहा जखनाडीह स्कूल के बच्चे लोगों को विभागीय अधिकारियों की निष्क्रियता के चलते मीनू के आधार पर खाना तो मिल ही नहीं रहा है। बल्कि जो भोजन परोसा जा रहा है वह भी स्तरहीन है। इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। यहीं कारण है कि आदिवासियों बैगा बच्चों को आज भी स्कूलों में अचार पापड़ भी वितरण नहीं किया जा रहा है। वहीं जखनाडीह में पढ़ने वाले बच्चों के पालकों ने बताया कि बच्चों को दी जाने वाली दाल व सब्जी में पानी की मात्रा अधिक रहती है। इस पर अधिकारी कार्रवाई नहीं करते जो समझ से परे है।

## एक नजर

### कलेक्टर हरिस एस ने छिंदगढ़ विकासखंड में विकास कार्यों का किया अवलोकन

**स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में छात्रों से की चर्चा, विभिन्न निर्माण कार्य की प्रगति से हुए अवगत**

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



कलेक्टर हरिस एस ने विकासखंड छिंदगढ़ में किए जा रहे विकास कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने छिंदगढ़ में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, खेल मैदान, वृहद जल प्रदाय योजना सहित अन्य निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान सीईओ जनपद पंचायत छिंदगढ़ देवांगन, कार्यपालन अभियंता जिला निर्माण समिति अनिल राठौर एवं संबधित अभियंता एवं अधिकारी गण मौजूद रहे। कलेक्टर ने छिंदगढ़ स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल का जायजा लिया और कक्षा संचालन, शिक्षकों की उपस्थिति एवं छात्रों की दर्ज संख्या की जानकारी ली। उन्होंने संपूर्ण स्कूल भवन का अवलोकन किया, प्रयोगशाला देखी और विद्यार्थियों से चर्चा भी की। इसके पश्चात उन्होंने छिंदगढ़ खेल मैदान सौंदर्यीकरण और इंडोर स्टेडियम निर्माण की भौतिक प्रगति का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

#### चिकारास गौठान और वृहद जल प्रदाय योजना का किया अवलोकन

कलेक्टर हरिस एस ने आज छिंदगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चिपुरपाल के चिकारास ग्राम गौठान का अवलोकन किया। उन्होंने यहां संचालित रोजगार मूलक गतिविधियों की जानकारी ली और मुर्गी पालन शेड का अवलोकन किया। उन्होंने कहा की रोजगार मूलक गतिविधियों से ग्रामीण महिला स्व सहायता समूहों को आय सुनिश्चित होती है। इन गतिविधियों के संचालन और क्रियान्वयन में लापरवाही ना करे। इसके साथ ही उन्होंने छिंदगढ़ स्थित वृहद जल प्रदाय योजना का निरीक्षण भी किया। जिसकी बदौलत आगामी समय में छिंदगढ़ में शुद्ध पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

### बकरीद पर्व शांतिपूर्वक मनाने शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**कोरबा** । कलेक्टर संजीव झा की अध्यक्षता में बकरीद पर्व को आपसी भाई चारे और सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाने के लिए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्टोरेट सभा कक्ष में सम्पन्न हुई। शांति समिति के सदस्यों ने 10 जुलाई को बकरीद पर्व को मिल जुल कर और सदभाव के साथ मनाने का निश्चय किया। इस पर्व के दौरान मुस्लिम समाज द्वारा मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी।

### गांव में विकास के लिए हमेशा तत्पर रहूंगी - किरण साहू

**राजनांदगांव** । मत दिनों संपन्न हुए सरपंच चुनाव में ग्राम ईरा से श्रीमती किरण साहू सरपंच पद के लिए निर्वाचित हुई हैं। सरपंच किरण देवी साहू ने प्रतिनिधि रेखालाल साहू को बताया कि गांव में हमेशा विकास करने की बातें कही हैं। ईरा गांव की समस्याओं में सड़क, बिजली, पानी, राशन, चिकित्सा, शिक्षा की समास्या से निजात दिलाने की बाते कही हैं। किरण साहू राजनीति में हमेशा सक्रिय रहने वाली जनपद सदस्य जनपद सदस्य टेकु राम साहू की पत्नि है एवं कार्य क्षेत्र में अच्छा प्रभाव रखते हैं। मिलनसार सरल सौम्य व्यक्तिव के धनी हैं। श्रीमती साहू गांव के विकास कार्यो में हमेशा अंजाम देने की बाते कही है। ज्ञात हो कि सरपंच पद में महिला सरपंच होने के कारण महिला समूहों को भी शासन की योजनाओं का लाभ मिलने की आशा हैं। महिला सरपंच बननें के कारण भी अधिक खुशिया महिलाओं में देखने को मिल रही हैं। श्री टिंकु साहू राजनीति के क्षेत्र में काफी पकड़ रखते हैं। क्षेत्र ही नही बल्कि आसपास के अनेक ग्रामीण भी अपनी समास्या को लेकर घर में पहुचते हैं और समास्या का उचित समाधान करते आ रहें हैं। साहू जी की लोकप्रीयता भी सरपंच चुनाव में काफी महत्व रहा है और इसी का परिणाम है कि उनकी धर्मपत्नी सरपंच पद पर निर्वाचित हुए हैं। सरपंच पद पर निर्वाचित होने वाली किरण साहू को अनेक ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने बधाई दी है।

# आज भगवान जगन्नाथ की बहुड़ा यात्रा

## शौर्य प्रदर्शन करेंगे आर्ष गुरूकुल के छात्र

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



पिछले नौ दिन अपनी मौसी के घर रहे भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलराम 10 जुलाई को वापस मंदिर के गर्भगृह में लौटेंगे और पांच माह के लिए निद्रा में रहेंगे। भगवान नवंबर में देवउठनी एकादशी को उठेंगें उसी दिन मांगलिक कार्य प्रारंभ होंगे पिछले दो सालों से कोरोनाकाल की वजह से भगवान की वापसी का पर्व बहुड़ा यात्रा धूमधाम से नहीं मनाई जा सकीए इस बार बहुड़ा यात्रा को लेकर करण मंहगी समाज जोर.शोर से तैयारी कर रहा हैं। इस संबंध में पिछले दिनों एक बैठक आयोजित कर इसको रूपरेखा तय की गई जिसमें यात्रा सायं चार बजे भगवान जगन्नाथ,बहन सुभद्रा व भाई बलराम रथ में सवार होकर सुभाष नगर स्थित जगन्नाथ भवन से केएन आयल मार्ग होते हुए, आशोक प्रिंटर्स गली से पुरानी मंड़ी, मेन रोड, स्वामी चौक, नेहरू चौक गांधी चौक, होते हुए श्री राम जानकी मंदिर पहुंचेंगें। छग करण महंती समाज के अध्यक्ष मनोहर महंती ने बताया कि पिछले 12 साल से भगवान की घर वापसी का पर्व बहुड़ा यात्रा निकाली जा रही हैं बहुड़ा यात्रा की अगुवाई आर्ष गुरूकुल के छात्र प्रर्दशन करते हुए करेंगें साथ ही दुर्गा वाहनी के अलावा सर्व समाज के साथ मां तारिणी महिला मंच और महंती युवा मंच शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि पारंपरिक कथानुसार भगवान औषधियुक्त काढ़ा पीकर स्वस्थ होकर भक्तो को दर्शन देने मंदिर से निकलते हैं इसके बाद देर रात अपनी मौसी के यहां पहुंचते हैं। और आठ दिन बाद मौसी के घर रहने के बाद वापस मंदिर लौटते हैं की मंदिर में वापसी होगी।

# मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर सहित 3 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

## नक्सलियों के अमानवीय एवं आधारहीन विचारधारा को त्यागकर छग शासन के पुनर्वास नीति व पूना नम अभियान नई सुबह, नई शुरूवात से प्रभावित होकर किया आत्मसमर्पण

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



छत्तीसगढ़ शासन की श्पुनर्वास नीति के प्रचार-प्रसार तथा जिले में वरिष्ठ अधिकारी द्वारा चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति के प्रचार-प्रसार तथा अभियान नई सुबह, नई शुरूवात, से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय व आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाली हिंसा से तंग आकर समाज की मुख्यधारा से जुड़कर सामान्य जीवन जीने के उद्देश्य से 03 नक्सलीं सदस्यों क्रमश 1 कलमू माड़ा मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर, नुप्पो बण्डी मिलिशया सदस्य,कलमू माड़ा मिलिशिया सदस्य सभी का साकिनान फुलबगड़ी थाना क्षेत्र के द्वारा शनिवार को नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में किरन चव्हाण अति. पुलिस अधीक्षक नक्स ऑप्स सुकमा, आनामी शरण, द्वितीय कमान अधिकारी 2 री वाहिनी सीआरपीएफ के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया। सभी आत्मसमर्पित नक्सली थाना फुलबगड़ी क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न नक्सली गतिविधियों में सम्मिलित रहे है। नक्सलियों को आत्मसमर्पण करने हेतु प्रोत्साहित करवाने में 02 री वाहिनी के विशेष सूचना शाखा का विशेष प्रयास रहा है। सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को राज्य शासन के पुनर्वास नीति के तहत् सहायता राशि व अन्य सुविधायें प्रदाय किया जायेगा।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 अगस्त को

## तैयारी हेतु बैठक का हुआ आयोजन

**कोरबा** । नालसा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा दिनांक 13 अगस्त 2022 को नेशनल लोक अदालत के सफ्लतापूर्वक आयोजन किए जाने के संबंध में जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा डी.एल. कटकवार, की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक कलेक्टर संजीव झा, पुलिस अधीक्षक, आयुक्त नगर पालिक निगम कोरबा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोरबा की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

# अनियंत्रित कार ने लगाई लंबी छलांग, बाल-बाल बचे कार सवार

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



बागबाहरा मार्ग में जंघोरा नाला के समीप एक कार अनियंत्रित होकर लम्बी उछाल मारते हुए कोई 20 फिट नीचे एक खेत में जा गिरी। कार में सवार सभी 5 ग्राम जंघोरा निवासी बताया जा रहा है। कार मे सवार सभी पांच लोगों को साधारण चोट बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर रथ मेला घूमने जंघोरा से पिथौरा आ रही एक कार जघोरा नाला के समीप ही दुर्घटना ग्रस्त हो गयी। दुर्घटना में सभी घायल हो गए। परन्तु किसी को भी गम्भीर चोट नहीं आई है। सभी घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में भर्ती कराया गया है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार सभी घायलों का उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। घायलों में अजंली 25 वर्ष, हेमलता 18 वर्ष, वर्षा 19 वर्ष, ओम प्रकाश 22 वर्ष, तेज बाई, 25 वर्ष सभी जंघोरा गांव के निवासी है। दुर्घटना ग्रस्त स्कार्पियो क्र ब्ळ 06, ठ 9055 विद्युत मंडल के किसी कर्मी की बताई जा रही है।

# जुआ, सट्टा,शराब,गुटखा जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ बेमेतरा पुलिस ने चलाया जन जागरण अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल,अति पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मना, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में थाना, चौकी प्रभारियों के द्वारा नशा मुक्ति एवं सायबर जागरूकता अभियान चलाकर आमजनों को जागरूक किया जा रहा है इस अभियान तहत 08 जुलाई 2022 को थाना बेरला स्टाफ प्रधान आरक्षक संदीप साहू, महिला आरक्षक मालती साहू एवं अन्य स्टाफ के द्वारा ग्राम पंचायत देवरी में छात्र/छात्राओं, सरपंच,पंच, मितानिन, गांव के ग्रामीणों और स्कुल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ मिलकर ग्राम पंचायत देवरी में नशाबंदी एवं सायबर जागरूकता रैली निकाली गई। पुलिस द्वारा नशा मुक्ति व नशा से आजादी एवं सायबर जागरूकता के लिए थाना बेरला क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत देवरी में आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से रैली निकाल कार नशा बंदी एवं सायबर जागरूकता का संदेश दिया गया। आमजनो को बताया कि बीड़ी,सिगरेट,शराब,गांजा जैसे नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है। लोगो को नशा नहीं करने का संकल्प व इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया। नशे से ग्रसित व्यक्ति तनाव में रहता है और उसे मानसिक परेशानियां घेर लेती है। इसके अलावा उसे स्वास्थ्य परेशानियां भी होती है और नशे में अपराध की ओर अग्रसर हो जाता है। क्योकि ऐसे ही व्यक्ति अपराधों को बढावा देता है। इसलिए हमें नशे से दुर रहना चाहिए। गुड़ाखु, तंबाकु, गुटका के लगातार सेवन से मुह धीरे-धीरे कम खुलने लगता है जो कि कैंसर का कारण बनता है किसी भी प्रकार का नशा को छोड़ने के लिए व्यक्ति को दृढ संकल्पित होने की आवश्यकता है। इसके लिए युवाओं को आगे आकर समाज में जागरूकता लाने की आवश्यकता है ताकि समाज में सामाजिक मधुरता बना रहे। साथ ही साथ प्रतिभावान छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया गया तथा प्रतिभावान छात्र/छात्राओं द्वारा पौधारोपण किया गया। एसपी बेमेतरा धर्मेंद्र सिंह ने नशा मुक्त समाज बनाने के लिए आमजनों को अपने परिवार एवं बच्चों को नशा से दूर रखने व साइबर अपराध से बचने अपील की हैं। इस अवसर पर थाना बेरला से प्रधान आरक्षक संदीप साहू, महिला आरक्षक मालती साहू, आरक्षक विजय दिवाकर,बिरेंद्र व सरपंच भारती साहू, उपसरपंच पेखन साहू, मितानिन दीदी रत्ना साहू, ललिता साहू, उतरा साहू, दयाबती साहू, रविन्द्र साहू, विमल साहू, दिक्षांत साहू, गयाराम साहू, टेकराम साहू, मनीष साहू, मुकेश साहू, शाला के शिक्षक, शिक्षकाएं लीलाधर पाटिल, ओमप्रकाश साहू, त्रिलोकदास मानिकपुरी, रीना साहू, शीतल राजन एवं छात्र/छात्राएं व ग्रामीजन शामिल थे।

# खण्डसरा पुलिस की कार्यवाही पत्नि की हत्या करने वाला आरोपी पति गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



प्रार्थी आरोपी, सुशील साहू उम्र 28 साल साकिन सेमरिया चौकी खण्डसरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दो माह पूर्व खाने कमाने आरोपी सुशील साहू अपनी पत्नि रानी साहू के साथ लखनऊ गया था। लखनऊ में अपनी पत्नि को किसी पुरूष के साथ गलत कार्य करते हुये दिन में देख लिया था। जिसके कारण आपस में झगडा हुये थे जिसे घर वालों के समझाने पर एक साथ रह रहे थे। 05 जुलाई 2022 को लखनऊ से ट्रेन बैठकर दुर्ग आये दुर्ग से 06 जुलाई 2022 को बेमेतरा शाम को पहुंचने के बाद थाना सिटी कोतवाली में तलाक संबंधी रिपोर्ट कराया वकिल से राय लेने के बाद 07 जुलाई 2022 के करीबन 1 बजे घर सेमरिया पहुचा पत्नि रानी के दुसरे पुरूष के साथ संबंध बनाने की बात को लेकर पति.पत्नि में झागडा विवाद हुये। पत्नि द्वारा पति सुशील को कहा गया कि तुम मेरे से तलाक ले रहे हो वह इसी घर में तेरे सामने दस पुरूषों को बुलाकर गलत संबंध बनाउंगी। इसी बात पर से आरोपी सुशील साहू नाराज होकर अपनी पत्नि रानी साहू का गला दबाकर हत्या कर दिया। हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिये रानी साहू के शव को घसीटकर अपने कमरे में ले जाकर रानी के गले में साडी से फंदा डालकर शव को सिलिंग पंखा में लटका दिया।आरोपी सुशील साहू द्वारा पुलिस चौकी खण्डसरा आकर रिर्पोट दर्ज कराया कि वह अपनी पत्नि रानी साहू का गला दबाकर हत्या कर दिया हू। शव को फंसी में लटका कर आया हूं कि रिर्पोट पर अपराध सदर धारा 302, 201 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह ने आरोपी के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये। जिसके तहत अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में चौकी खण्डसरा प्रभारी डीएन सिंह एवं चौकी स्टाफ को अपराध विवेचना हेतु लगाया गया।

प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी सुशील साहू पिता मनीराम साहू उम्र 28 साल साकिन सेमरिया चौकी खण्डसरा थाना व जिला बेमेतरा को 08 जुलाई 2022 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी खण्डसरा प्रभारी डीएन, सिंह, सउनि बीडी गंधर्व, प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र तिवारी, आरक्षक राजेन्द्र जायसवाल, एश्वर्य कुमार सिन्हा, देवेन्द्र टंडन, रोहित ध्रुव, आशीष सेन एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

# जन्नत जुबैर को मिला दो बड़े रिएलिटी शोज का ऑफर



इस समय केप टाउन में खतरों के खिलाड़ी 12 की शूटिंग कर रही हैं। जन्नत जुबैर इस साल खतरों के खिलाड़ी 12 में भाग लेने वाली सबसे कम उम्र की एक्ट्रेस हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने बॉलीवुड लाइफ से बात करते हुए कई अपडेट्स साझा किए हैं।


जन्नत रोहित शेट्टी के स्टंट-आधारित रिएलिटी टीवी शो का हिस्सा बनकर बेहद उत्साहित हैं। इस बीच जब एक्ट्रेस से पूछा गया कि खतरों के खिलाड़ी 12 के बाद आने वाले रिएलिटी शोज के तैयार हैं तो एक्ट्रेस ने बड़ी चालाकी से जवाब दिया है।

जन्नत जुबैर पहली बार रिएलिटी टीवी स्पेस में एंट्री कर रही हैं। वह पहले भी रिएलिटी टीवी शो में दिखाई दे चुकी हैं लेकिन उन्होंने हिस्सा नहीं लिया था।

जब जन्नत से पूछा गया कि क्या वह अगले सीजन में सलमान खान के बिग बॉस में भाग लेंगी या झलक दिखला जा जैसे डांसिंग शो में भाग लेंगी तो एक्ट्रेस ने जवाब दिया, मैंने अभी इस बारे में सोचा नहीं है। हालांकि जन्नत मानती हैं कि खतरों के खिलाड़ी 12 के साथ रिएलिटी टीवी स्पेस में एंट्री करना उनके लिए सबसे अच्छी बात है।

# ऋतिक रोशन ने आर माधवन की फिल्म 'राकेट्री' को सराहा, पोस्ट शेयर कर कही ये बात

फिल्म अभिनेता आर माधवन की हालिया रिलीज फिल्म 'रॉकेट्री द नांबी इफेक्ट' इन दिनों काफी चर्चा में है। हर कोई इस फिल्म की जमकर तारीफ कर रहा है। इस कड़ी में एक नाम सुपरस्टार ऋतिक रोशन का भी जुड़ गया है। ऋतिक का एक ट्वीट सामने आया है, जिसमें उन्होने 'रॉकेट्री द नांबी इफेक्ट' की जमकर तारीफ की है।




ऋतिक रोशन ने लिखा , सरॉकेट्रीदनांबीइफेक्ट के शानदार वर्ड-ऑफ-माउथ ने मुझे फोमो (फियर ऑफ मिसिंग आउट) के साथ छोड़ दिया है! मेरे दोस्त के लिए बहुत खुश अभिनेतामाधवन, जिसने इसे अपना दिल और आत्मा दे दी। डेब्यू निर्देशन के लिए मैडी और रॉकेट्री की पूरी टीम को बहुत बहुत बधाई । इसे थिएटर में देखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता!

ऋतिक रोशन का ये ट्वीट सामने आने के बाद काफी तेजी से वायरल हो रहा है और लोगों का कहना है कि ये काफी अच्छा काम है। हालांकि ऋतिक रोशन के इस ट्वीट के बाद आर माधवन की तरफ से अभी तक कोई बयान सामने नहीं आया है।

उल्लेखनीय है कि आर माधवन की फिल्म 'राकेट्री' रॉकेट साइंटिस्ट नंबी नारायणन के जीवन पर आधारित है। इस फिल्म का लेखन, निर्माण और निर्देशन आर माधवन ने ही किया है। मई माह में इस फिल्म का प्रीमियर कांस फिल्म फेस्टिवल में भी किया था, जिसके बाद से यह फिल्म और भी ज्यादा चर्चा में आ गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इस फिल्म की तारीफ की थी।

# 22 जुलाई को रिलीज होगी हंसिका की महा



निदेशक यूआर. जमील की बहुप्रतीक्षित थ्रिलर महा, जिसमें अभिनेत्री हंसिका मोटवानी मुख्य भूमिका में हैं, आखिरकार 22 जुलाई को स्क्रीन पर आएगी, इसके निर्माताओं ने घोषणा की।

काफी लंबे समय से रिलीज का इंतजार कर रही इस फिल्म ने दो कारणों से उद्योग के अंदरूनी सूत्रों और फिल्म प्रेमियों के बीच काफी दिलचस्पी पैदा की है।

पहली यह कि फिल्म हंसिका की 50वीं फिल्म है और दूसरी यह कि फिल्म में अभिनेता सिलंबरासन ने एक भूमिका निभाई है।

महा मलिक स्ट्रीम्स कॉर्पोरेशन द्वारा निर्मित है, जो मलेशिया में स्थित एक उत्पादन और वितरण कंपनी है।

फिल्म, जिसमें घिबरन का संगीत है, छायांकन जे लक्ष्मण ने की है और संपादन जॉन अब्राहम ने किया है।

यूआर जमील के साथ, फिल्म को अंजू विजय द्वारा सह-निर्देशित किया गया है और इसे एक मनोरंजक थ्रिलर माना जाता है।

# विक्रम भट्ट की फ़िल्म जुदा होके भी की कहानी रामायण से है प्रेरित!




बॉलीवुड में रामायण से प्रेरित होकर बहुत सारी कहानियों पर ब्लॉकबस्टर फिल्मे बनी हैं। अब सूत्रों से पता चला है कि विक्रम भट्ट और महेश भट्ट की बहुप्रतीक्षित साइक्लोजिकल थ्रिलर फिल्म जुदा होके भी रामायण से इंस्पायर्ड है। 15 जुलाई, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार इस फिल्म में रोमांस, रहस्य और हॉरर का अनूठा मिश्रण है। फ़िल्म यह सवाल भी उठाती है कि क्या हमारे वर्तमान समय में राम हो सकते हैं? आपको याद दिला दें कि रामायण काल में अगर हम सबसे बड़ी घटना का ज़िक्र करें, तो वह भगवान राम और रावण के बीच हुई लड़ाई थी। और इस युद्ध के होने का मुख्य कारण था सीता का रावण के द्वारा हरण कर लेना मतलब सीता हरण। फ़िल्म जुदा होके भी में आधुनिक समय की सीता की भूमिका अभिनेत्री ऐंद्रिता रे ने निभाई है, जिसका चरित्र बुरी ताकतों द्वारा बंधक बना लिया जाता है और उसकी शुद्धता खतरे में पड़ जाती है।

# शाहिद और विद्या के बाद कोरियोग्राफर रूपल त्यागी के रडार पर कार्तिक आर्यन

टीवी शो 'सपने सुहाने लड़कपन के' में गुंजन की मुख्य भूमिका निभा चुकीं अभिनेत्री रूपल त्यागी ने खुलासा किया है कि वह बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन को कोरियोग्राफ करना पसंद करेंगी।

रूपल, जो बॉलीवुड में एक सहायक कोरियोग्राफर के रूप में भी काम करती हैं, कहती हैं, मैं बहुत भाग्यशाली थी कि मुझे फिल्म 'भूल भुलैया' के गाने 'मेरे ढोलना' में पोनी वर्मा (बॉलीवुड कोरियोग्राफर) की सहायता करने का मौका मिला।

इसके अलावा, शाहिद कपूर और विद्या बालन जैसे कई लोकप्रिय सितारों को कोरियोग्राफ करने का अवसर मिलने के बाद, अब मैं कार्तिक आर्यन के साथ काम करना पसंद करूंगी। मैं वर्षों पहले ('भूल भुलैया 2' में) उसी गाने पर उनके प्रदर्शन से उनका दिल जीतते हुए देखने के बाद और अधिक उत्सुक हूं।



अपनी आगामी अभिनय परियोजनाओं के बारे में बात करते हुए, 'बिग बॉस 9' की अभिनेत्री ने आगे कहा, मैं अब और अधिक परिपच किरदार निभाने की उम्मीद कर रही हूं .. ऐसे चरित्र जो अधिक बारीक और स्तरित हैं।

वास्तव में, मैं पहले से ही बातचीत कर रही हूं कुछ ऐसा ही है, लेकिन मैं अभी ज्यादा कुछ नहीं बता सकती। लेकिन अगर ऐसा होता है, तो यह बहुत ही मजेदार और दिलचस्प होगा। रूपल फिलहाल वेब सीरीज 'बीवी एंड मी' का हिस्सा हैं।

7 साल बाद लौटे नेशनल गेम्स

# गुजरात करेगा मेजबानी, 22 सितंबर से 10 अक्टूबर के बीच 5 शहरों में होगा आयोजन

सितंबर माह में इंडिया का ओलिंपिक कहे जाने वाले नेशनल गेम्स का आयोजन हो रहा है। गेम्स की मेजबानी गुजरात करने जा रहा है। इस मल्टी स्पोर्ट्स इवेंट का आयोजन 22 सितंबर से 10 अक्टूबर के बीच किया जाएगा। खेल गुजरात के पांच शहरों (अहमदाबाद, राजकोट, सूरत, भावनगर और वडोदरा) में आयोजित किए जाएंगे। खेलों का उद्घाटन और समापन समारोह अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हो सकता है।

7 साल के बाद देश में इन गेम्स का आयोजन हो रहा है। इससे पहले केरल ने साल 2015 में नेशनल गेम्स का आयोजन



किया था। भारतीय ओलिंपिक संघ के महासचिव राजीव मेहता ने शुक्रवार को एक सोशल पोस्ट में यह घोषणा की है। मेहता ने पोस्ट में लिखा- मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि गुजरात नेशनल गेम्स की मेजबानी करने जा रहा है। मैं गुजरात सरकार के प्रस्ताव को जल्दी स्वीकार करने के लिए IOA का आभारी हूं।

## गोवा से मेजबानी छिनी

पहले इन खेलों का आयोजन गोवा में होना था, लेकिन गोवा सरकार ने 2020 में पहले कोरोना का हवाला देकर खेलों का आयोजन कराने से हाथ खींच लिए। फिर इसे दिसंबर माह में कराने की बात करने लगी। ऐसे में गोवा से गेम्स की मेजबानी छीन ली गई है।

## 98 साल का हुआ टूर्नामेंट, कभी निरंतर नहीं रहा

यह नेशनल गेम्स का 36वां संस्करण होगा। गेम्स 98 साल का हो गया है, लेकिन यह कभी निरंतर नहीं रहा है। बीच-बीच में इन गेम्स का आयोजन ब्रेक होता रहा है। पहली बार इन गेम्स का आयोजन 1924 में लाहौर (आज पाकिस्तान की राजधानी) में हुआ था। 21वीं सदी में गेम्स के छह संस्करण ही हो सकते हैं। इनके निरंतर न होने के पीछे सबसे बड़ा कारण है इसका बड़ा स्वरूप।

# ओलिंपिक मेडलिस्ट साक्षी मलिक का युवाओं को मैसेज

युवा लेखिका प्रार्थना बत्रा के बुक लॉन्च पर बोलीं- सफलता का कोई शॉर्ट कट नहीं होता

2016 के रियो ओलिंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली पहलवान साक्षी मलिक ने युवाओं को अपना सक्सेस मंत्र दिया है। वे गेटिंग द ब्रीड- द जेन-ं वे टु सक्सेस बुक लॉन्च के अवसर पर युवाओं से बात कर रही थीं।



दिल्ली में आयोजित इस इवेंट में एक सवाल के जवाब में साक्षी मलिक ने कहा कि किसी सफलता का मूल मंत्र यह है कि किसी शॉर्टकट के चक्कर में न पड़ें। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। त्याग, लगन, समर्पण और कड़ी मेहनत से ही जीवन में सफलता हासिल की जा सकती है। यह किताब युवा लेखिका प्रार्थना बत्रा ने लिखी है। प्रार्थना अपनी किताब में बरखा दत्त, साक्षी मलिक और प्राजक्ता कोहली की सक्सेस स्टोरी लेकर आ रही हैं।

युवा लेखिका प्रार्थना बत्रा द्वारा लिखी यह बुक साक्षी मलिक, बरखा दत्त, प्राजक्ता कोहली जैसी शख्सियतों की सक्सेस स्टोरी है। यहां साक्षी ने प्रार्थना से बातचीत में खुद से जुड़े कई पहलुओं पर चर्चा की। साक्षी ने अपने ओलिंपिक मेडल पर कहा, %लगातार कड़ी मेहनत और अपने लक्ष्य के प्रति फोकस रहने से ही मुझे ओलिंपिक में कामयाबी मिली। मैं वह खुद को खुशनसीब मानती हूं कि मैंने पहलवानी को चुना और अपने प्रदर्शन से देश को गौरवान्वित महसूस कराया। लेखिका ने यह बुक अपने परिवार, खासकर मां नीति बत्रा और नानी को समर्पित की है, जिनकी मेहनत व सपोर्ट की बदौलत ही वह इस किताब को पूरा कर सकीं। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ टीवी पत्रकार जाने-माने पहलवान और साक्षी मलिक के पति सत्यव्रत कादियान और कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

प्रार्थना बत्रा ÒPower People and PrarthnaÓ नाम से यूट्यूब चैनल भी चलाती हैं। प्रार्थना बत्रा ने एंटरप्रेन्योरशिप पर वर्ष 2020 मं एक यूट्यूब सीरीज भी लॉन्च की थी। इस सीरीज में उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वालों की स्टोरी की थीं। इस सीरीज के अंदर उन्होंने बरखा दत्त, प्राजक्ता कोहली और साक्षी मलिक से चर्चा भी की थी। प्रार्थना बत्रा की किताब में इन जानी-मानी हस्तियों से उनके जीवन, अनुभव आदि पर की गई बातचीत को भी शामिल किया गया है।

19 महीने बाद स्टीव स्मिथ का टेस्ट में शतक

# श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में किया कारनामा, विराट का रिकॉर्ड तोड़ा

लंबे समय से आउट ऑफ फॉर्म चल रहे दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने जोरदार वापसी की है। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ गॉल में शुरू हुए दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन नाबाद 109 रन बनाए। उनकी इस पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन स्टंप्स तक पांच विकेट खोकर 298 रन बना लिए हैं। स्मिथ के अलावा मार्नस लाबुशेन ने भी शतकीय पारी खेली। वे 104 रन बनाकर आउट हुए।

स्मिथ ने करीब 19 महीने बाद टेस्ट क्रिकेट में शतक जमाया है। यह उनका 28वां शतक है। वे अब विराट कोहली (27 शतक) से आगे निकल गए हैं और जो रूट (28 शतक) की बराबरी पर आ गए हैं।




## भारत के खिलाफ जमाया था आखिरी शतक

स्मिथ ने टेस्ट क्रिकेट में इससे पहले अपना आखिरी शतक जनवरी 2021 में भारत के खिलाफ सिडनी टेस्ट में जमाया था। तब उन्होंने 131 रनों की पारी खेली थी। इसके बाद से स्मिथ 10 टेस्ट मैचों में कोई शतक नहीं जमा पाए थे। इन मुकाबलों में उन्होंने 37.80 की औसत से 567 रन बनाए थे।

## तीसरे विकेट के लिए 134 रन की साझेदारी

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया। कंगारू टीम के दो विकेट 70 रन के स्कोर पर गिर गए थे। डेविड वॉर्नर 5 और उस्मान ख्वाजा 37 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद लाबुशेन और स्मिथ ने तीसरे विकेट के लिए 134 रन की साझेदारी तक ऑस्ट्रेलिया को 200 रन के पार पहुंचाया। लाबुशेन का विकेट लेफ्ट आर्म स्पिनर प्रभात जयसूर्या ने लिया। जयसूर्या ने इसके बाद ट्रेविस हेड (12 रन) और ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन (4 रन) को भी आउट किया।

## सीरीज में 1-0 से आगे है ऑस्ट्रेलिया

*ऑस्ट्रेलिया की टीम इस सीरीज में 1-0 से आगे है। गॉल में ही खेले गए पहले टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीत हासिल की थी। अगर दूसरा टेस्ट ड्रॉ रहता है या इसे ऑस्ट्रेलिया जीतता है तो ऑस्ट्रेलियाई टीम 11 साल बाद श्रीलंका में कोई टेस्ट सीरीज जीतेगी। इस मामले में यहां कंगारुओं को आखिरी कामयाबी 2011 में मिली थी। तब उसने 3 टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से जीत हासिल की थी।*



# कलेक्टर ने किया दरभा क्षेत्र के बेलापारा और करका का दौरा

## गांवों में डेंगू-मलेरिया के रोकथाम हेतु दिए आवश्यक निर्देश







**जगदलपुर।** कलेक्टर चंदन कुमार ने आज दरभा विकासखंड के ग्राम चंद्रगिरी के बेलापारा और करका गांव पहुंचे। उनके साथ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित व्यास भी मौजूद थे। कलेक्टर ने इस दौरान तत्काल पूरे गांव में मलेरिया-डेंगू टेस्ट करने के साथ ही लक्षण दिखाई देने वाले मरीजों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कर उपचार करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने सरपंच और ग्राम सचिव को लोगों में बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाने तथा मच्छरदानी का उपयोग करवाने के लिए निर्देशित किए। उन्होंने ग्रामीणों को मच्छरदानी के उपयोग करने के साथ-साथ मच्छर भगाने हेतु स्थानीय उत्पाद-कंडा (छेना), नीम पत्तियों का उपयोग कर घरों में धुआ करने कहा।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को गांवों में मलेरिया-डेंगू टेस्ट के साथ-साथ फॉगिंग मशीन के माध्यम से दवाई का छिड़काव तथा कीचड़नुमा स्थानों पर चूना का छिड़काव करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग द्वारा दी जाने वाली मच्छरदानियों का वितरण शीघ्र सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों का सम्पर्क नम्बर भी गांवों में चस्पा करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर तोकापाल अनुविभागीय दंडाधिकारी आस्था राजपूत, जनपद सीईओ सुब्रत प्रधान, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि दरभा विकासखण्ड के ग्राम चंद्रगिरी के बेलापारा और करका में दो बच्चियों की मृत्यु डेंगू-मलेरिया से हुई थी।

## वार्डों में स्वच्छता और डेंगू के रोकथाम के लिए कवायद जारी

महापौर, आयुक्त सहित नगर पालिक निगम की





टीम कर रही वार्ड-टू-वार्ड दौरा

**जगदलपुर।** भारी बारिश के बीच महापौर सफीरा साहू, आयुक्त दिनेश नाग के द्वारा शहर के वार्डों मे डेंगू के रोकथाम व बचाव के साथ वार्डों में साफ-सफाई के अलावा अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में लगातार दौरा जारी है। इसी कड़ी में महापौर व आयुक्त ने शहर के गंगानगर वार्ड व सरदार बल्लभ भाई पटेल वार्ड का पैदल दौरा कर डेंगू के रोकथाम व बचाव के उपाय के लिए लोगों में जागरूकता लाने के लिए लोगों को जानकारी देकर वार्ड के साफ सफाई व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा किया गया। वार्ड दौरे के दौरान पीडब्ल्यूडी सभापति यशवर्धन राव, राजस्व सभापति राजेश राय ,वार्ड पार्षद श्वेता बघेल साथ उपस्थित थे। महापौर व आयुक्त शहर के शहीद पार्क चौक पहुंच चौक में जलभराव की समस्या से अवगत होकर समस्या का निराकरण करने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा किया ।साथ ही वार्ड का पैदल दौरा कर वार्ड के लोगों से चर्चा कर उनकी समस्याओं से अवगत होकर डेंगू रोग के रोकथाम के उपाय बताएं ,साथ ही गंगानगर व सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड का निचली बस्तियों का दौरा कर वार्ड वासियों के समस्याओं से रूबरू होकर निगम के स्वच्छता अधिकारियों को पानी जमाव वाले क्षेत्र में नियमित रूप से सफाई करने के साथ दवा का छिड़काव करने का निर्देश दिया है । महापौर व आयुक्त का डेंगू रोग के रोकथाम के लिए लगातार दौरा चल रहा है। जिसमें वार्ड के साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं को भी देख उसका निराकरण करने का कार्य किया जा रहा है इस दौरान कार्यपालन अभियंता एके दत्ता ,स्वच्छता विभाग ,निगम पीएचई ,राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## दुलारी लक्ष्मी अभियान : जिले में अब तक 30 हजार से अधिक लोगों की एनीमिया और सिकलिंग जांच

**गौरेला-पेन्ड्रा-मरवाही ।** जिले में एनीमिया और सिकलिंग जांच के लिए दुलारी लक्ष्मी अभियान प्रारंभ किया गया है। अभियान के तहत 10 से 18 वर्ष तक के बालक, बालिकाओं और 19 से 49 वर्ष की पुरुषों एवं महिलाओं का एनीमिया और सिकलिंग की जांच तथा पॉजिटिव मरीजों का उपचार किया जा रहा है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा के नेतृत्व में 12 अप्रैल 2022 से यह अभियान मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के

**एनीमिया और सिकलिंग के पॉजिटिव मरीजों का उपचार शुरू**

सहयोग से स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में की जा रही है। अभियान के तहत 30 जून तक 10 से 49 वर्ष आयु वर्ग के कुल 30 हजार 778 बालकों, बालिकाओं, पुरुषों एवं महिलाओं की एनीमिया की जांच हुई। जांच में 7 ग्राम से कम मात्रा के 30 पुरुषों तथा 7 से 10 ग्राम मात्रा के बीच 1684 एनीमिक महिलाओं को उपचार के लिए चिन्हित किया गया। इसी तरह 22 हजार 635 लोगों की सिकलिंग जांच हुई, जिसमें 319 सिकलिंग पॉजिटिव पाए गए जिन्हें उपचार के लिए चिन्हित किया गया है।

स्वस्थ्य जीवन के लिए पौष्टिक और संतुलित आहार लेना बहुत जरूरी है। लोग सुपोषित आहार के बारे में कम जागरूक है, जिससे खून से संबंधित बीमारी एनीमिया और सिकलिंग की संभावना बढ़ जाती है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिकलिंग एवं एनीमिया की जांच के साथ ही ग्रामीणों को पौष्टिक आहार के फायदे, शरीर में आयरन एवं अन्य तत्वों की महत्ता एवं इनकी कमी से होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जानकारी भी प्रदान की जा रही है।

## नवपदस्थ कलेक्टर चंदन कुमार ने किया महारानी अस्पताल का निरीक्षण

### मरीजों की बेहतर सुविधा के लिए मानव संसाधन बढ़ाने और सूचना व्यवस्था विकसित करने पर दिया जोर



**जगदलपुर।** कलेक्टर चंदन कुमार ने आज महारानी अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने आपातकालीन कक्ष सुश्रुत के मेडिकल गहन चिकित्सा कक्ष, सर्जिकल गहन चिकित्सा, ऑपरेशन थियेटर, बाह्य रोग विभाग, मातृ शिशु संस्थान कादिम्बिनी के सोनोग्राफी कक्ष, प्रसूति वार्ड, ऑपरेशन थियेटर, प्रसूति उच्च निर्भरता केंद्र, नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई, हमर लैब के पैथोलॉजी, ब्लड बैंक आदि स्थानों का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान चिकित्सकों से बातचीत कर वर्तमान में आने वाले मरीजों के प्रकार और संख्या के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर यहां मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में भी प्रतिक्रिया ली। कलेक्टर ने मरीजों के मार्गदर्शन के लिए कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए सूचना व्यवस्था विकसित किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने यहां विभिन्न विभागों में मानक के अनुसार मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर देते हुए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। यहां होने वाले जलजमाव की समस्या को दूर करने के संबंध में भी तत्काल आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी उन्होंने दिए। इस दौरान महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ संजय प्रसाद, प्रबंधक सौरभ कोचर सहित चिकित्सक एवं अस्पताल के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।





## एक नजर

### जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक 12 जुलाई को

**बिलासपुर ।** राष्ट्रीय वित्त एवं विकास निगम की योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों के चयन के लिए 12 जुलाई को अपरान्ह 3 बजे जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के हितग्राहियों का चयन किया जायेगा।

### पर्यटन मंडल के अध्यक्ष ने किया मैनपाट में कार्यों का निरीक्षण

**बिलासपुर ।** सरगुजा प्रवास के दौरान दिनांक 9 जुलाई अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव जी छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड द्वारा अपने व्यस्ततम दौरे के बीच मैनपाट सरगुजा में ट्राईबल टूरिज्म सर्किट के अंतर्गत निर्माणाधीन कर्मा एथेनिक रिसोर्ट के कार्यों में गति लाए जाने तथा जल्द से जल्द मैनपाट में उच्च स्तरीय पर्यटक सुविधा पर्यटक को को उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से निर्माणाधीन कर्मा एथेनिक रिसोर्ट का निरीक्षण किया गया, अटल श्रीवास्तव टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष के साथ एक कुशल इंजीनियर भी है उनके द्वारा स्थल पर ही निर्माण एजेंसी टी.सी.आई.एल. को पर्यटकों की सुविधाओं के दृष्टिकोण से कुछ महत्वपूर्ण सुधार किए जाने के लिए निर्देश भी दिया । छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड में अध्यक्ष बनने के बाद अटल श्रीवास्तव का यह पहला दौरा था जिसमें उनके द्वारा कर्मा एथेनिक रिसोर्ट के लोकेशन एवं यहां पर निर्माणाधीन पर्यटक सुविधाओं के विकास को देखकर खूब तारीफ भी की गई मैनपाट के कमलेश्वरपुर में ट्राईबल टूरिज्म सर्किट के अंतर्गत छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड द्वारा लगभग 48 एकड़ में कर्मा एथेनिक रिसोर्ट का निर्माण कराया जा रहा है, पर्यटक को यह सुविधा इसी वर्ष मह सितंबर अक्टूबर के बीच मिलने की संभावना है । निर्माणाधीन कर्मा एथेनिक रिसोर्ट सरगुजा के आदिवासियों के जीवन शैली को बड़ी खूबसूरती से प्रदर्शित करने का कार्य किया जा रहा है , कर्मा एथेनिक रिसोर्ट मैं पर्यटकों के रुकने के लिए 20 कॉटेज इंटरप्रिटेशन सेंटर कैफ्टेरिया, ओपन थिएटर ,नेचर ट्रेल, कॉन्फ्रेंस हॉल अटैच लेट बाथ के साथ टेन्ट प्लेटफार्म ,पैगोडा सौवेनिर शॉप, इको किचन ,आदि कि सुविधाएं पर्यटक को मिल सकेगी। कर्मा एथेनिक रिसोर्ट के निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय प्रभारी सरगुजा तथा मैनपट के शैला रिसोर्ट प्रबधंक व टीसीआईएल इंजीनियर उपस्थित थे ।

### मारागाव स्कूल पढने जा रहे बच्चे का मोटरसाइकिल दुर्घटना में मौत

**गरियाबंद ।** जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर बम्हनी गाँव के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक स्कूली बच्चे की मौत हो गई। घटना के विषय मे मिली जानकारी के अनुसार गरियाबंद डाकबंगला निवासी 16 वर्षीय देवेंद्र ध्रुव मारागाव स्कूल पढने जा रहा था , उस दौरान बेनकुरा निवासी खिलेश्वर और उसके दो साथी तीनो एक मोटरसाइकिल में गरियाबंद बीज खरीदने आ रहे थे , तभी कोचेना मोड़ बम्हनी के पास दोनो मोटरसाइकिल के आपस मे भिड़ंत हो गई जिससे देवेंद्र को गम्भीर चोट लगी , वही अन्य तीनो मोटरसाइकिल सवार को मामूली चोट लगी । घटना की जानकारी मिलते ही घायल देवेन्द्र को गरियाबंद जिला अस्पताल लेकर आए लेकिन अस्पताल पहुचने के पहले ही देवेंद्र की मौत हो चुकी थी।जिसका आज पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के हवाले किया गया।घटना की रिपोर्ट सिटीकोतवाली में दर्ज कर मर्ग अपराध 279 ,3 ,4 ए अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना किया जा रहा है ।

### बारुला के पुल में मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल एक और व्यक्ति की मौत

**गरियाबंद ।** बीते मंगलवार के देरी रात बारुला के पुल के ऊपर दो मोटरसाइकिल के आपस मे भिडंत हो जाने से एक ब्यक्ति की मौत उसी घटना के दौरान हो गई थी। वही दो लोगो को गम्भीर चोट लगी थी जिन्हें रायपुर मेकाहारा अस्पताल रायपुर भेजा गया था ,वहां उपचार के दौरान शनिवार सुबह पांच बजे एक और ब्यक्ति की मौत हो गई।ज्ञात हो कि मंगलवार के देर रात राजिम निवासी माखन साहनी अपनी मोटरसाइकिल में बारुला से गरियाबंद की ओर आ रहा था ,उसी दौरान ग्राम राकादादर निवास छम्मन दीवान और नरेंद्र कुमार अपनी मोटरसाइकिल में गरियाबंद से राकादादर जा रहे थे तभी देर रात बारुला पुल के ऊपर दोनो मोटरसाइकिल में भिड़ंत हो गई,टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनो मोटरसाइकिल में सवार तीनो लोगो का पैर टूट गया, जिन्हें संजीवनी के माध्यम से गरियाबंद जिला अस्पताल लेकर आए ,जहा तीनो का पैर टूटा पाया गया वही माखन से सीने में और आँखें में गम्भीर चोट लगी थी,तीनो को गम्भीर अवस्था मे रायपुर भेजा गया था ,लेकिन रास्ते मे ही छम्मन कि मृत्यु हो गई।वही रायपुर मेकाहारा अस्पताल में भर्ती दोनो घायलों में माखन की स्थिति गम्भीर बनी हुई थी जिसका उपचार के दौरान आज शनिवार के सुबह पांच बजे उसकी मौत हो गई ।

बीमारी से पति क़ा सर से उठा साया, कर्ज तले दबा था परिवार

## संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने दिलाई राहत सौंपा तीन लाख क़ा धनादेश



**जगदलपुर।** शहर के धरमपुरा में निवासरत जयंत विश्वास की मृत्यु किडनी की बीमारी के चलते हो गई थी। मृतक की माँ ,पत्नी और दो बच्चों ने बचाने के लिए भरसक प्रयास किया ,कई हॉस्पिटल के चक्कर काटे लेकिन काल के हाथो जयंत पराजय हो गया। जान बचाने के लिए पूरे परिवार ने कई लोगो से कर्ज ले लिया। इस बात की सम्पूर्ण जानकारी उन्होने विधायक रेखचंद जैन को दी एवं इस विषम परिस्थिति मे मदद की गुहार लगाई।

श्री जैन ने जानकारी मिलते ही संपूर्ण कागजात मंगवाए एवं विश्वास परिवार को आर्थिक मदद दिलाने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अनुशंसा पत्र लिखा। संवेदनशील मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने परिवार की पीड़ा को समझते हुए तत्काल तीन लाख रुपए स्वीकृत किया। जिसका धनादेश श्री जैन ने आज उड़ीसा मे भगवान जगन्नाथ के दर्शन से लौटते ही विश्वास परिवार के निवास स्थान जाकर प्रदान किया।

श्री जैन ने स्व.जयंत विश्वास की पत्नी श्रीमती अलका विश्वास क़ा ढाढ़स बढ़ाते हुए कहा की इस दु:खद घड़ी मे पूरी कांग्रेस परिवार आपके साथ है। विधि के विधान को टाला नही जा सकता लेकिन आज जो मुसीबत आप लोगो के बीच आई है उसमे यह राशि आपको कुछ हद तक राहत प्रदान करेगी। इस दौरान श्रीमति अलका विश्वास एवं उनकी सासु माँ के आंसू भी झलक पड़े। उन्होने श्री जैन एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं कांग्रेस परिवार सहित एल्डरमेन अमर सिंह के प्रति कृतज्ञता जताया।

## बिलासपुर में राज्यसभा सदस्य तन्खा ने दिया धरना

हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति से कहा- एयरपोर्ट की जमीन के लिए रक्षा मंत्री से करेंगे चर्चा




बिलासपुर। बिलासपुर में हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति के धरने में शामिल होने आए राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा शामिल हुए। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सकारात्मक सोच रखते हैं और जब भी मैने कोई भी रिक्वेस्ट की, उनका रवैया अच्छा रहा। उनका रूख हमेशा पॉजिटिव रहते है। अगर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अनुमति देते हैं तो हम यहां के सदस्यों के साथ राजनाथ सिंह से मिलेंगे।

शनिवार को शहर में निजी कार्यक्रम में पहुंचे राज्यसभा सदस्य तन्खा हवाई सेवा जनसंघर्ष समिति की ओर से आयोजित धरना-प्रदर्शन का समर्थन करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि राज्य शासन ने सेना के कैंप के लिए जमीन दी थी। राज्य सरकार चाहे तो जमीन खुद से जमीन आवंटन कैंसिल कर सकती है। लेकिन, सेना के सम्मान में ऐसा नहीं किया गया है। शासन की प्रक्रिया काफी धीमी होती है। इस स्थिति में हम रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिल सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से भी रिक्वेस्ट हैं कि वे चाहे तो हम सब उनसे मुलाकात कर सकते हैं।

इस दौरान सांसद विवेक तन्खा ने कहा कि जबलपुर एयरपोर्ट के विकास में भी इसी तरह की समस्याएं आई थी, जिसके लिए मैं लड़ चुका है। इसलिए बिलासपुरवासियों की समस्या से मैं भलीभांति परिचित हूं। यहां एयरपोर्ट की मुख्य समस्या कनेक्टिविटी की है। लेकिन, कनेक्टिविटी की समस्या जमीन मिलने के बाद दूर हो जाएगी। इन समस्याओं के लिए हमने संघर्ष किया है। यहां भी इस समस्या का मिलकर समाधान करेंगे। देवकीनंदन दीक्षित सभा भवन के सामने बिलासपुर हवाई सेवा के विस्तार व महानगरों तक सीधी उड़ान सेवा शुरू करने के लिए लंबे समय से प्रदर्शन चल रहा है। इस दौरान जन संघर्ष समिति के सुदीप श्रीवास्तव, महापौर रामशरण यादव, देवेंद्र सिंह बाटू, राघवेंद्र सिंह, संदीप दुबे, समीर अहमद बबला, बद्री यादव, गोपाल दुबे सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।



जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, रविवार 10 जुलाई 2022

# सोनहत पहाड़ी अंचल के गौठानों में सामुदायिक बाड़ी बनी आजीविका का साधन

## वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, मुर्गी व बटेर पालन जैसी गतिविधियों ने दिखाई आर्थिक मजबूती की राह

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया। शासन की महत्वाकांक्षी नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी कार्यक्रम और गोधन न्याय योजना के अंतर्गत कोरिया के पहाड़ी क्षेत्र में बसे सोनहत विकासखण्ड में स्थानीय महिला समूह की सहभागिता से गौठान में सामुदायिक बाड़ी की आजीविका स्वरोजगार का माध्यम बन गई है।





गौठानों में आयमूलक गतिविधियों को बढ़ावा दिए जाने के लिए सामुदायिक खेती के प्रयास गौठान समिति और स्व सहायता समूह के आजीविका का साधन बन गए है। सोनहत के ग्राम पोड़ी केशगवां और रजौली गौठान की सामुदायिक बाड़ी में विशेषकर टमाटर, बैंगन, लौकी, भाजी के साथ रागी उत्पादन पर फ ोकस किया जा रहा है। केशगवां गौठान से 65 हजार की सब्जी विक्रय किया गया है, इसी तरह पोंड़ी और रजौली गौठान से 10 हजार रुपये से ज्यादा का सब्जी विक्रय कोया जा चुका है। ग्राम पोड़ी में साक्षर भारत महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा सामुदायिक कृषि के विभिन्न आयामों की सफलता का स्वरूप स्थानीय वासियों को नजर आने लगा है। इसी समूह के द्वारा 6 लाख रुपये कीमत का वर्मी कंपोस्ट बनाकर विक्रय किया गया है जिससे समिति के खाते में लाभांश की राशि 2.74 लाख रुपए हस्तांतरित होने से समूह के सदस्यों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। ग्राम पोड़ी के महामाया महिला स्व सहायता समूह की सदस्य बीराबाई बताती है कि केंचुए के उत्पादन और बिक्री से समूह को 84 हजार रुपयों की आय अनुदान से प्राप्त हुई है। इसी तरह ग्राम पुसला की जय कुमारी ने बताया कि 65 हजार रुपये की आय समूह को मुर्गी व बटेर पालन एवं विक्रय से हुई। विकासखंड के सलगवाए पुसलाए घुघरा में गौठान समिति के सदस्यों के द्वारा चारागाह क्षेत्र में उगाई जा रही नेपियर घास का अन्य समितियों को विक्रय करके लगभग 5 लाख रुपयों की आय अर्जित की गई है। सोनहत एसडीएम अमित सिन्हा ने बताया कि जिला कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं जिला पंचायत सीईओ कुणाल दुदावत के सतत मार्गदर्शन में सुराजी योजना के विस्तार के लिए ग्राम वासियों को जागरूक प्रयासों के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सोनहत विकासखंड के समस्त 39 गौठान में बाड़ी विकास कार्य की शुरुआत की जा रही है। उक्त कार्य की मनरेगा योजना के अंतर्गत स्वीकृति जिला प्रशासन के द्वारा दी जा रही है। पहाड़ी क्षेत्र में पानी की समस्याओं के लिए कृषक सदस्यों को सब्सिडी स्प्रिंकलर सेट की सुविधा दिलाई गई है। गौठानों में नियमित रूप से पशु स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण शिविर लगाए जाने के निर्देश दिए। गौठान से जुड़े महिला स्व.सहायता समूहों बकरी पालनए मुर्गी पालनए बटेर पालन, पशुपालन आदि के लिए भी प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के साथ ही उन्हें विभागीय योजनाओं से प्राथमिकता के आधार पर लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए है। शीघ्र ही गौठानों में पशुओं के लिए कृत्रिम गर्भाधान, वत्सोत्पादन, बधियाकरण, टीकाकरण आदि के लिए शिविर लगाए जाने की भी योजना है।

## एक नजर

### बकरीद को लेकर सिटी कोतवाली में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**गरियाबंद** । दस अगस्त को मुस्लिम समाज का बकरीद त्यौहार को लेकर गरियाबंद सिटीकोतवाली अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रेश ठाकुर , एसडीओपी पुष्पेंद्र नायक और सिटीकोटवाली प्रभारी गौतम चन्द्र गावड़े और नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया गया।वही नागरिकों को अपील करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा कि गरियाबंद नगर की जनता काफी शांति प्रिय है ।जो हर धर्म के हर त्यौहार को आपसी सामंजस्य के साथ मनाते है ।दस जुलाई का त्यौहार बकरीद भी इसी तरह से मनाए इसका अपील उनके द्वारा किया गया । साथ उन्होंने कहा कि त्यौहार के उमंग के बीच हमे कोरोना के चलते शासन के गाइडलाइंस का भी पालन करना है । वही मुस्लिम समाज के लोगो ने बताया कि बकरीद के दिन सुबह आठ बजे नमाज पढा जाता है ,जिसके चलते सुबह से ही समाज के लोगो का मस्जिद में आना जाना लगा रहता है ,और भीड़ भी हो जाता है ,ऐसी स्थिति को शांति पूर्वक निपटाने के लिए पुलिस ब्यवस्था और यातायात के लिए स्टॉपर की मांग किये ।वही पुलिस विभाग द्वारा पुलिस ब्यवस्था और स्टॉपर लगाने का आश्वासन दिया गया।इस बैठक में जुनेद भाई , ताहिर खान कय्यूम भाई ,सन्नी मेमन ,पुष्पक देवांगन ,विनय दासवानी उपस्थित थे।

### मुठभेड़ में 60 नक्सली थे शामिल 284 गोली और 20 ग्रेनेड बम से पुलिस ने नक्सलियों पर किया हमला

भारी मात्रा में नक्सलियों का सामान बरामद

**गरियाबंद** । गरियाबंद और उड़ीसा के बॉर्डर पर हुए मुठभेड़ में कई महत्वपूर्ण खुलासे उड़ीसा पुलिस ने पत्रकार वार्ता में किया।नुआपड़ा ओडिसा के एसपी प्रत्यूष दिवाकर ने पत्रकार वार्ता में बताया की मुठभेड़ में 60 से अधिक नक्सली शामिल थे,कई बड़े नक्सलीयो के घटना में शामिल होने की बात सामने आई है।पुलिस ने बताया की सीआरपीएफ उड़ीसा पुलिस के इस कमिंग ऑपरेशन में पुलिस की ओर से 284 राउंड फायर तथा 20 ग्रेनेड बम से नक्सलियों पर हमला किया गया, घटना के बाद भारी मात्रा में नक्सलीयो का सामान बरामद हुआ है।एयरगन तथा दर्जनों चाकू और नक्सली साहित्य बरामद हुआ है,सबसे महत्वपूर्ण नक्सलियों की एक डायरी भी मिली है डायरी से नक्सलियों के शहरी और ग्रामीण नेटवर्क के खुलासे की पुलिस को उम्मीद है। वहीं घटना के बाद से इन नक्सलियों के छत्तीसगढ़ में विचरण को देखते हुए बॉर्डर पर गरियाबंद पुलिस ने सीआरपीएफ की मदद से सर्चिंग बढ़ाई है।कुल्हाड़ी घाट सीआरपीएफ कैंप पहेली खान तथा मैनपुर से सर्चिंग पार्टी रवाना की गई है। खास बात यह रही कि हमले के दौरान नक्सली अपना कैंप छोड़कर भाग खड़े हुए कैंप में नक्सलियों के कई जरूरी सामान भी बरामद हुए हैं नक्सली यह सामान कहां से हासिल करते थे इसका पता लगाकर पुलिस और अधिक कार्यवाही करने की तैयारी में है।

### गढ़बो नवा कुम्हारी का सपना हो रहा साकार, भव्य अधोसंरचनाएं लोकार्पण के लिए तैयार

**दुर्ग** । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का सपना साकार हो रहा है और इसके साथ ही नगरीय निकायों में भी भव्य अधोसंरचनाएं तैयार हो रही हैं। रायपुर-भिलाई के बीच कुम्हारी में जिस तेजी से भव्य अधोसंरचनाएं बन रही हैं और नागरिक सुविधाओं की बेहतरी के लिए कार्य हो रहा है वो अलग ही स्तर का है। आज कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने निर्मित एवं निर्माणाधीन संरचनाओं का अवलोकन किया और निर्माण कार्यों के संबंध में अधिकारियों को विस्तृत निर्देश दिये। उनके साथ दौरे में जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन एवं एसडीएम धमधा बृजेश क्षत्रिय भी उपस्थित थे। एनएच से बिल्कुल लगे बड़ा तालाब परिसर में भव्य अधोसंरचना तैयार हो रही है। यहां बड़े तालाब और छोटे तालाब को जोड़ा जा रहा है। मैजिकल फाउंटेन, टाय ट्रेन आदि इस पार्क की विशेषता होगी। तालाबों में कंटीन्यू पानी का फ्लो होगा। अभी बड़े तालाब के काफी हिस्से में शैवाल हैं। इनका ट्रीटमेंट किया जा रहा है। एविएटर पंप के माध्यम से इसमें आक्सीजन की मात्रा बढ़ाई जा रही है जिस तरह से एक्वेरियम में होता है। कलेक्टर ने कहा कि पार्क में लाइटिंग बहुत खास होनी चाहिए। उन्होंने लैंडस्केप, ब्यूटिफिकेशन और पौधरोपण के संबंध में अपने सुझाव दिये। कुम्हारी नगरपालिका की आवश्कताओं को देखते हुए नया भवन बनाया गया है। इसके ग्राउंड लेवल पर पार्किंग और कामर्शियल स्पेस रखा गया है। पहले फ्लोर पर पब्लिक यूटिलिटी के कार्य होंगे और दूसरे फ्लोर पर तकनीकी सेक्शन होंगे। कलेक्टर ने विशेष रूप से सभाकक्ष की तैयारी की। उन्होंने कहा कि सभाकक्ष के डिजाइन में अद्भुत कल्पना नजर आ रही है।

# केस दर्ज कराया तो युवक को लाठी-रॉड से पीटा

## 10 बदमाशों ने की थी मारपीट, पता चला शिकायत हुई है तो किया हमला

**बिलासपुर** । बिलासपुर में दस बदमाशों ने मिलकर ई-रिक्शा चालक पर डंडा व रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। रिक्शा चालक ने तीन दिन पहले ही हमलावरों के खिलाफ थाने में केस दर्ज कराया था, जिसका बदला लेने और सबक सिखाने के लिए दोबारा हमला कर दिया। उसे इलाज के लिए अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है।

लिंगियाडीह निवासी अब्दुल वहाब (32साल) ई-रिक्शा चालक है। गुरुवार की रात वह अपने घर जा रहा था। तभी अपोलो अस्पताल के पास बऊवा और उसके 9 साथियों ने उसे रोक लिया। इस दौरान बऊवा ने थाने में केस दर्ज कराने के नाम से उसे गाली देने लगे। उसके मना करने पर बऊवा और साथियों ने डंडा व रॉड से अब्दुल को पीटा, जिससे वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गया।



### पुलिस की गाड़ी देखकर भागे बदमाश

जिस समय हमलावर अब्दुल वहाब की पिटाई कर रहे थे, उसी समय पुलिस की डायल 112 की गाड़ी आती दिखी। इसके बाद हमलावर बदमाश घायल अब्दुल को छोड़कर भागने लगे। पुलिस ने गाड़ी रोकी और घायल चालक को इलाज के लिए अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया।

### तीन दिन पहले दर्ज कराया था केस

दरअसल, तीन दिन पहले चालक अब्दुल के साथ बदमाशों ने विवाद करते हुए मारपीट किया था। इसके बाद अब्दुल ने उनके खिलाफ थाने में केस दर्ज करा दिया था। लेकिन, पुलिस ने आरोपियों को न तो थाने बुलाकर पूछताछ की और न ही उनकी गिरफ्तारी पर ध्यान दिया। इसके चलते बदमाशों का हौसला बढ़ गया और मौका पाकर दोबारा हमला कर दिया।

### सामान्य व जमानती धाराओं के तहत दर्ज किया केस

पुलिस ने घायल अब्दुल को अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। रिक्शा चालक ने पहले केस दर्ज कराया, तब पुलिस ने साधारण मारपीट का मामला दर्ज किया। इसके बाद दोबारा जानलेवा हमला हुआ। फिर भी पुलिस ने सामान्य व जमानती धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। इसके चलते पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहा है।

### एक दिन पहले ही भाजयुमो ने किया था थाने का घेराव

एक दिन पहले ही सरकंडा पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव कर दिया था।

# प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना अंतर्गत 30 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनान्तर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए गए है। जिन आवेदकों की आयु 18 वर्ष से अधिक हो वे इस योजना के अंतर्गत 30 जुलाई 2022 तक खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के वेबसाईट (http://www.kviconline.gov.in/pmegp/pmegpweb/)में ऑनलाईन आवेदन कर सकते है अथवा कार्यालयीन समय पर वांछित दस्तावेजों के साथ कार्यालय के माध्यम से आवेदन कर सकते है। आवेदक आवेदन जमा करने के लिए दस्तावेज जैसे परियोजना प्रतिवेदन की प्रति, आधार कार्ड, शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता संबंधी प्रमाण-पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण-पत्र एवं जाति प्रमाण-पत्र (यदि हो), ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र+जनसंख्या प्रमाण-पत्र, पासपोर्ट आकार का फोटो एवं उद्यमिता विकास कार्यक्रम प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र (यदि हो) जमा कर सकते है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनान्तर्गत अधिकतम स्वीकार्य लागत निर्माण/ उद्योग इकाईयों हेतु 25 लाख एवं सेवा इकाईयों हेतु 10 लाख है। योजना में निर्माण क्षेत्र में 10 लाख और सेवा क्षेत्र में 5 लाख से अधिक की परियोजनाओं में लाभार्थी को न्यूनतम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। कुल परियोजना लागत में निर्धारित नियमानुसार 15 प्रतिशत से 35 प्रतिशत अनुदान राशि देय होगा। कोई भी व्यक्ति अथवा उनके परिवार के सदस्य जो पूर्व में भारत सरकार या राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत अनुदान प्राप्त कर लाभान्वित हुए है इस योजना के लिए पात्र नहीं होगें। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति कार्यालयीन समय में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना: पंजीयन की अंतिम तिथि 15 तक

**कोरबा** । कलेक्टर संजीव झा के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध में जागरूकता लाने तथा अधिक से अधिक किसानों के फसलों का बीमा कराने के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में सभी सहकारी समितियों के आपरेटरों, सभी राष्ट्रीयकृत - व्यापारिक बैंको के जिला प्रतिनिधिगण शामिल हुए। बीमा पोर्टल में किसानों का सही एंट्री हो इसके लिये एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया के प्रशिक्षित अमलो ने समय सीमा में बीमा कार्य पूर्ण किये जाने का पूरा तकनीकी प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में उप संचालक कृषि अनिल शुक्ला, उप पंजीयक बसंत कुमार एवं मुकेश पटेल सहायक नोडल अधिकारी उपस्थित हुये। श्री शुक्ला ने कहा कि यह पूर्ण रूप से तकनीकी कार्य है, कोई गलती न हो इसके लिये प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सभी पूर्ण सावधानी से किसानों की बोई गई अधिसूचित फसलो का बीमा समय से करें। साथ ही पर्याप्त खाद एवं बीजों के भण्डारण रखे। ताकि किसानों को कोई असुविधा न हो । उल्लेखनीय है की प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना बाढ़, सूखा, जलभराव, कीट व्याधि एवं ओलावृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदाओं के कारण फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए संचालित की जा रही है।

# छत्तीसगढ़ में हरेली तिहार पर स्कूलों में होगा गेड़ी नृत्य व स्पर्धाएं

## मुख्यमंत्री भूपेश के साथ स्टूडेंट्स भी चढ़ेंगे गेड़ी

रायपुर। छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति को प्रोत्साहित करने व बच्चों को इससे जोड़ने प्रदेश सरकार अब स्कूलों में गेड़ी उत्सव मनाएगी। 28 जुलाई को हरेली पर्व पर गेड़ी नृत्य और प्रतियोगिता का आयोजन प्रदेशभर के स्कूलों में होगा। राज्य सरकार ने इसके आदेश भी जारी कर दिए हैं।



सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि हरेली पर्व पर आयोजित होने वाले गेड़ी नृत्य एवं गेड़ी प्रतियोगिता का आयोजन स्कूलों में होगा और बच्चों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। दरअसल, राज्य की सांस्कृतिक विविधताओं, गौरवशाली परंपराओं को सहजने और संरक्षित करने प्रदेश सरकार हर साल हरेली तिहार मनाती है। हरेली पर मुख्यमंत्री निवास में कई कार्यक्रम होते हैं। इस बार अब प्रदेशभर के स्कूलों में गेड़ी डे उत्सव का आयोजन होगा। बता दें कि हरेली पर्व पर गेड़ी का बहुत ही महत्व है। छत्तीसगढ़ के लोग हरेली त्यौहार को उत्साह से मनाते हैं। बच्चों के लिए गेड़ी बनाते हैं। हरेली से गेड़ी चढ़ने की शुरुआत होती है जो भादो में तीजा-पोला तक मनाया जाता है। छत्तीसगढ़ की परंपराओं, संस्कृति और लोककला को बढ़ावा देने सीएम भूपेश बघेल लगातार पहल कर रहे हैं।

### बोरे बासी भी हुआ था देशभर में ट्रेंड

1 मई मजदूर दिवस के दिन छत्तीसगढ़ में सीएम भूपेश बघेल ने मजदूरों के सम्मान में बोरे बासी खाने की अपील की थी। यह देशभर में ट्रेंड हुआ था। लोगों ने बोरे बासी खाते हुए सोशल मीडिया में खूब फोटो शेयर किया था। सीएम बघेल, मंत्री और अफसरों ने खुद मजदूरों के साथ बोरे बासी खाया था। अब 28 जुलाई को गेड़ी नृत्य और स्पर्धा का आयोजन प्रदेश के स्कूलों में होंगे। कैबिनेट की बैठक में इस पर चर्चा के बाद अफसर कार्यक्रम की तैयारियों में जुट गए हैं। सीएम भूपेश बघेल कई सरकारी आयोजनों या त्यौहारों पर गेड़ी चढ़ते रहे हैं।

# जनपद पंचायत पुसौर में चलाया गया सफाई एवं वृक्षारोपण महा अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





जनपद पंचायत पुसौर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी महेश पटेल के मार्गदर्शन में आज जनपद पंचायत पुसौर के भवन एवं परिसर में सफाई अभियान चला कर समस्त भवनों के दस्तावेज को साफ -सफाई कर व्यवस्थित रूप से रखा गया एवं रिक्त प्रांगण में अनावश्यक रूप से उगे घास एवं पेड़ पौधों को जनपद पंचायत के कार्यरत समस्त कर्मचारियों ने साफ -सफाई में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर जनपद पंचायत परिसर में वृक्षारोपण का कार्य भी किया गया।

इस महा अभियान में जनपद पंचायत पुसौर को साफ एवं स्वच्छ रखने के लिए कार्य योजना पर भी विचार किया गया। इसके अंतर्गत रिक्त परिसर में सजावटी बागवानी वाले पौधे लगाने की सहमति दी गई। साफ -सफाई में विशेष योगदान देने वाले जनपद पंचायत में पंचायत विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, मनरेगा, बिहान, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास, बीपी आर सी में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के भृत्य कर्मचारियों को इस अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लेने एवं सफल बनाने के लिए स्मृति चिन्ह मुख्य कार्यपालन अधिकारी महेश पटेल के द्वारा दिया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी महेश पटेल ने कहा कि इस अभियान से जनपद पंचायत पुसौर अंतर्गत आने वाले समस्त कार्यालय एवं ग्राम पंचायत ऐसे ही सफाई अभियान एवं वृक्षारोपण किये जाने हेतु प्रेरित होंगे। साथ ही हर माह के द्वितीय शनिवार को ऐसे ही सफाई अभियान जारी किये जाने के लिए इच्छा व्यक्त किए।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, रविवार 10 जुलाई 2022

# एसडीओपी दीपक मिश्रा की विवेचना में दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास व अर्थदंड की सजा

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

8 जुलाई 2022 को विशेष न्यायालय अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, रायगढ़ के न्यायालय में विशेष न्यायाधीश एक्ट्रोसिटीज एक्ट श्री जितेंद्र कुमार जैन द्वारा थाना कापू के दुष्कर्म मामले में आरोपी विनोद साहू पिता ईश्वर साहू उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम सकालो थाना कापू जिला रायगढ़ को युवती जो विशेष वर्ग की पीड़िता है जानते हुए वर्ष 2019 से मई 2021 के बीच विवाह करने का प्रलोभन देकर उससे बार-बार लैंगिक संभोग बलात्संग कारित करने का आरोप में दोषी पाकर दोष सिद्ध किया गया है। आरोपी को धारा 376 (2) (ढ़) भादवि में 10 साल की सश्रम कारावास एवं 30,000 के अर्थदंड एवं एट्रोसिटी एक्ट 1989 की धारा 3(2) (अ) में आजीवन कारावास एवं 30,000 का अर्थदंड से दंडित किया गया है, आरोपी को दी गई दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। माननीय न्यायालय द्वारा अर्थदंड राशि में से अपील अवधि के पश्चात पीड़िता



को 50,000 प्रति कर दिलाए जाने का आदेश दिया गया है। पीड़िता द्वारा 4 जुलाई 2021 को थाना कापू में आरोपी के विरूद्ध शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था, जिस पर अपराध क्रमांक 78/2021 धारा 376 आईपीसी का अपराध तत्कालीन थाना प्रभारी कापू उप निरीक्षक धनीराम राठौर द्वारा पंजीबद्ध किया गया। मामले में महिला पुलिस अधिकारी निरीक्षक अंजना केरकेट्टा तत्कालीन थाना प्रभारी धरमजयगढ़ द्वारा एफआईआर एवं पीड़िता का कथन लिया गया। उप निरीक्षक धनीराम राठौर द्वारा प्रारंभिक विवेचना कर आरोपी की गिरफ्तारी कर प्रकरण में एट्रोसिटीज एक्ट की धारा विस्तारित किया गया जिसके बाद अग्रिम विवेचना के लिये डायरी एसडीओपी धरमजयगढ़ को प्राप्त हुई।

एसडीओपी दीपक मिश्रा द्वारा विवेचना क्रम को आगे बढ़ाते हुए पीड़िता का धारा 164 सीआरपीसी के तहत न्यायालीन कथन कराया गया तथा प्रकरण में जप्त स्लाइड एफएसएल जांच के लिये भेजे और प्रकरण की विवेचना पूर्ण कर धारा 376 भादवि एवं धारा 3(1) ब (1), 3(2)(5) अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत चालान न्यायालय पेश किया गया। विशेष न्यायालय रायगढ़ में दोनों पक्षों की ओर से पेश किये गये अभियोजन साक्षियों, दस्तावेजों, भौतिक साक्ष्यों का माननीय न्यायाधीश द्वारा गठन परीक्षण, विश्लेषण किया गया जिसमें आरोपी को दुष्कर्म व एट्रोसिटीज की धाराओं में दोषसिद्ध पाते हुए दंड दिया गया है। प्रकरण की विवेचना दीपक मिश्रा एसडीओपी धरमजयगढ़ द्वारा किया गया है तथा मामले में राज्य की ओर से विशेष लोक अभियोजक अनूप कुमार साहू द्वारा मामले की पैरवी की गई है।

## एक नजर

### कोतवाली पुलिस ने मोटर सायकल चोर व खरीददार को किया गिरफ्तार

2 मोटर सायकल किया बरामद

**सूरजपुर** । पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु सक्रियता के साथ पेट्रोलिंग करने एवं रात्रि में प्रभावी गश्त करने के साथ ही क्षेत्र में सूचना तंत्र मजबूत करने के निर्देश थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि विश्रामपुर तरफ से एक व्यक्ति चोरी का मोटर सायकल बिक्री करने के लिए सूरजपुर की ओर आ रहा है थाना सूरजपुर की पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए महगवां चौक के पास घेराबंदी लगाया, इसी बीच एक मोटर सायकल आते दिखा जिसे रोकने का इशारा करने पर चालक तेजी से वाहन चलाकर भागने लगा जिसे पीछा कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम मेरसाय उर्फ मेरू राजवाड़े पिता अनलि उम्र 23 वर्ष निवासी कसलगिरी, थाना जयनगर का होना बताया। मोटर सायकल के संबंध में दस्तावेज की मांग किए जाने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। हिकमत अमली से पूछताछ करने पर उसने बताया कि एक माह पूर्व रामानुजनगर बाजार से मोटर सायकल को चोरी कर बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश में आना बताया। कड़ी पूछताछ पर उसने यह भी बताया कि 7-8 माह पहले एक और मोटर सायकल को सिलफिली के पास गणेशपुर से चोरी कर ग्राम बड़े साल्ही बचरापोड़ी निवासी भोला प्रसाद को बिक्री करना बताया। आरोपी के निशानदेही पर पुलिस भोला प्रसाद पिता शीतल प्रसाद उम्र 33 वर्ष निवासी बड़े साल्ही, चौकी बचरा पोड़ी, थाना खड़गवां, जिला कोरिया के यहां पहुंची और उसके कब्जे से एक मोटर सायकल जप्त कर उसे भी हिरासत में लिया। मामले में चोरी की 2 मोटर सायकल कीमत करीब 60 हजार रूपये का जप्त कर दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 41(1-4)/379 भादसं के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया है।

### भगवान जगन्नाथ की घर वापसी, रथ खींचने भक्तों की उमड़ पड़ी भीड़

**किरंदुल** । लौहनगरी किरंदुल में दो वर्षों के पश्चात बड़े ही भव्य तरीके से हर्षोल्लास के साथ भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई थी। भगवान जगन्नाथ बलभद्र और बहन सुभद्रा मौसी के घर आराम करने के पश्चात आज उनकी वापसी मंदिर की ओर हुई। विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद भगवान जगन्नाथ बलभद्र एवं सुभद्रा जी को रथ पर विराजमान किया गया। तत्पश्चात एनएमडीसी परियोजना के अधिशासी निदेशक आर गोविंदराजन द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद रथ यात्रा प्रारंभ की गई। इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने एवं रथ खींचने के लिए नगर वासियों का ताता लगा रहा। भगवान जगन्नाथ बलभद्र एवं सुभद्रा जी लौहनगरी किरंदुल फुटबॉल ग्राउंड स्थित उत्कल समाज में अपनी मौसी के घर आठ दिनों से विराजमान थे। आज वापस अपने घर राम मंदिर स्थित मंदिर में इनको रथ द्वारा पहुंचाया जा रहा है। भगवान का रथ पूरे गाजे बाजे के साथ नगर के फुटबॉल ग्राउंड से शुरू होते हुए डबल स्टोरी, आईबीपी पैट्रोल पंप, स्टेट बैंक चौक, अंबेडकर पार्क होती हुई राम मंदिर उनके निवास स्थान पर पहुंची।

# रायपुर में कार पर पेड़ गिरा

शंकर नगर की घटना, बादल गरजे-बिजली चमकी तो हुआ हादसा; अंदर बैठा ड्राइवर बाल-बाल बचा



**रायपुर।** रायपुर में शनिवार को मौसम बदला दिन भर रुक-रुककर बारिश होती रही। तेज आवाज में गरज रहे बादलों ने मानसून वाला फील दिया। मगर शहर के एक हिस्से में ये बारिश मुसीबत बन गई। एक बड़ा सा पेड़ सीधे कार पर आ गिरा, विशालकाय पेड़ के अचानक गिरने की वजह से ट्रैफिक जाम के हालात बन गए। घटना शहर के पॉश इलाके शंकर नगर की है। यहां सड़क के किनारे खड़ी कार पर पेड़ गिर गया। गाड़ी सरकारी रेस्ट हाउस के पास ही खड़ी थी। जहां हादसा हुआ वहां पास ही IG दफ्तर, पूर्व मंत्री और मौजूदा सरकार में मंत्रियों के भी घर हैं। जब हादसा हुआ सड़क पर VIP मूवमेंट नहीं था। लोगों ने बताया कि बारिश की वजह से वो सड़क किनारे दुकानों के पास छुपकर खड़े थे। तभी मिट्टी छोड़कर बड़ा पेड़ गिर पड़ा, नीचे खड़ी कार क्षति ग्रस्त हो गई। इस गाड़ी में ड्राइवर भी था, पेड़ गिरने की वजह से वजन के चलते गाड़ी का अगला हिस्सा जरा ऊपर उठ गया, ड्राइवर ने भागकर खुद को बचाया। ये गाड़ी किसी कारोबारी की बताई जा रही है। अब पुलिस और निगम की टीम मिलकर पेड़ को हटाने का काम कर रही है।

### मौसम विभाग ने दी थी चेतावनी

एक दिन पहले ही मौसम विभाग ने चेतावनी देते हुए कहा है कि प्रदेश में अगले दो दिनों में कई जिलों में बारिश होगी। कुछ जगहों पर इस बीच बिजली भी गिर सकती है। कवर्धा, जशपुर, और सरगुजा के पहाड़ी इलाकों में आम तौर पर इस तरह की घटनाएं अधिक होती हैं।

# मोटरसाइकिल चालक ने सायकिल को मारी टक्कर, सायकिल चालक की मौके पर हुई मौत

नाराज ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

हाटी में लगातार कई दुर्घटना हो रही है। आज भी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चालक ने सायकिल सवार को टक्कर मार दी। जिससे सायकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मोटरसाइकिल सवार भी घायल हो गए हैं। मृतक ग्राम जोगड़ा थाना छाल निवासी है। जो अपने बच्चे को बैठाकर सायकिल से जा रहा था। तभी हाटी तरफ से तेज रफ्तार में जा रहे मोटरसाइकिल चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि साइकिल के परखच्चे उड़ गए, वहीं सायकिल चालक की मौत हो



गई। जिससे गुस्सा ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रख कर चक्काजाम कर दिया है। जिससे हाटी कोरबा मार्ग में गाड़ियों की लाइन लग गई थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचे।

# भिलाई के शहरी गौठान में महिलाएं मुर्गी पालन का करेंगी व्यवसाय

**भिलाईनगर** । निगमायुक्त लोकेश चंद्राकर ने शहरी गौठान कोसानगर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां की महिलाओं की रोजगार संबंधी गतिविधियां देखी, महिलाओं द्वारा मछली पालन का व्यवसाय किया जा रहा है, अगरबत्ती निर्माण, फूलों से बने साबुन, फिनाइल आदि का वृहद रूप में महिलाएं व्यवसाय कर रही है गौठान में महिलाएं अब मुर्गी पालन का व्यवसाय करेंगे इसके लिए स्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है, इसकी जानकारी निगम आयुक्त ने अधिकारियों से ली। मछली पालन देखने तालाब पहुंचे और इस प्रकार के व्यवसाय पर फोकस करने कहा, उन्होंने महिलाओं को निर्देश दिए कि सब्जी उत्पादन गौठान के एक बड़े भूभाग पर करें, ज्यादा मांग और जल्दी ग्रोथ करने वाले सब्जियों का चयन इसके लिए करें। आयुक्त ने गोबर से वर्मी कंपोस्ट बनाने की प्रक्रिया का निरीक्षण किया, वहीं उन्होंने वर्मी कंपोस्ट खाद की क्वालिटी भी देखी। आयुक्त ने महिलाओं के कार्य की सराहना की तथा और भी गतिविधियों को जोड़ने व रोजगार तथा आय प्राप्त करने के सुझाव दिए वहीं उन्होंने महिलाओं के द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पाद की सामग्री को विक्रय करने के लिए अपनाई जा रही प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी ली और महिलाओं को प्रोत्साहित किया।

# बरौद उपक्षेत्र खान अधीक्षक के पुत्र दिव्यांशु सिंह का असिस्टेंट कमीशन आफिसर पद पर हुआ चयन

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।

एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत बरौद कॉलरी में पदस्थ खान अधीक्षक बेचन सिंह के होनहार पुत्र दिव्यांशु सिंह का केंद्रीय सरकार के द्वारा आयोजित एसएससी स्टॉफ सेलेक्शन कमीशन बोर्ड नई दिल्ली के रिजल्ट आने पर बरौद उपक्षेत्र के दिव्यांशु सिंह को 263 वां रैंक प्राप्त हुआ। असिस्टेंट कमीशन ऑफिसर के



पद पर जिनका चयन हुआ है दिव्यांशु सिंह ने इस सफलता का श्रेय अपने पिता बेचन सिंह व माता मीरा सिंह को देते हुए कहते हैं कि अपने जीवन में एक अभिष्ठ लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास होना चाहिए सफलता जरुर मिलती है। दिव्यांशु की प्रारंभिक शिक्षा कोयलांचल के हसदेव क्षेत्र एवं 12 वीं की शिक्षा डीपीएस पब्लिक स्कूल दुर्ग तथा इंजीनियरिंग सिविल, में स्नातक ओपी जिंदल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी पुंजीपथरा रायगढ़ में हुई जिसके एसएससी स्टाफ सेलेक्शन कमीशन बोर्ड में चयन की खबर से रायगढ़ बरौद कॉलरी एवं छाल उपक्षेत्र कोयलांचल क्षेत्र में हर्ष व्याप्त हो उठी है।

# नक्सली डिप्टी कमाण्डर के साथ 3 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा** । जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान पूना नर्कोम के तहत एक नक्सली मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर कलमू माड़ा के साथ तीन नक्सलियों ने एएसपी नक्सल ऑप्स किरण चव्हाण एवं सीआरपीएफ द्वितीय कमान अधिकारी आनामी शरण के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर कलमू माड़ा, मिलिशिया सदस्य नुप्पो बण्डी और कलमू माड़ा ने आत्मसमर्पण कर दिया।

## आवश्यकता है

| | | पद |
|---|---|---|
| 1. समाचार रिपोर्टर | - | 3 |
| 2. कम्प्यूटर आपरेटर | - | 1 |
| 3. ऑफिस कार्य के लिए | - | 3 |

**वेतन योग्यतानुसार**

इच्छुक युवक/युवति अपना बायोडाटा के साथ संपर्क करें।

**दैनिक जोहार छत्तीसगढ़**

कार्यालय धरमजयगढ़

मो, 9479177711, 7489419194 ,7879121221

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के शिक्षकों को माह जून का वेतन नहीं मिला

शिक्षकों में अच्छा खासा रोष देखने को मिल रहा




जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के शिक्षकों को माह जून का वेतन आज जुलाई महीने के 1 सप्ताह बीत जाने के बाद भी अप्राप्त है जबकि अन्य सभी स्कूलों में शिक्षकों का वेतन जमा हो चुका है ऐसे में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय घरघोड़ा के शिक्षकों में अच्छा खासा रोष देखने को मिल रहा है। प्रतिनियुक्ति के पूर्व प्रतिनियुक्ति की सहमति देने समय आवंटन सिस्टम से वेतन भुगतान को लेकर शिक्षकों ने अपना विरोध लिखित में दर्ज कराया था तत समय वर्तमान जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रत्येक माह वेतन सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया था शुरुआत के महीनों में तो वेतन सही समय पर मिलता रहा पर जून माह के वेतन में समस्या सामने आ ही गई। दरअसल स्वामी आत्मानंद के शिक्षकों का वेतन पूर्व के शिक्षाकर्मियों की भांति आवंटन सिस्टम से प्रदाय किया जाता है क्योंकि स्वामी आत्मानंद स्कूल घरघोड़ा के खाते में पर्याप्त राशि उपलब्ध नहीं थी इस कारण से माह जून का वेतन भुगतान नहीं किया जा सका इस संबंध में उच्चाधिकारियों को अवगत किया जा चुका है इसके उपरांत भी आज जुलाई माह के 1 सप्ताह बीतने के पश्चात भी शिक्षकों के हाथ खाली ही हैं कुछ शिक्षकों ने नाम न छापने की शर्त पर दबी जबान में बताया की डी ओ साहब ने हमें आश्वस्त किया था की आवंटन सिस्टम से वेतन में आपको किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी और प्रत्येक माह आपको वेतन समय पर प्राप्त हो जाएगा। परंतु साहब के आश्वासन के बावजूद जून माह के वेतन के लिए शिक्षक तरस रहे हैं और अभी भी उन्हें नहीं पता कि उनका वेतन कब तक जमा हो पाएगा।



# अवैध खाद भंडारण और बिना लाइसेंस उर्वरक बिक्री पर दुकान सील

## कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व और कृषि विभाग ने की कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।

जिले में अवैध रूप से खाद उर्वरक का भंडारण और कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही का अभियान चलाने के निर्देश कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा द्वारा दिए गए हैं। इसी कड़ी में आज राजस्व और कृषि विभाग के अधिकारियों ने छापामार कार्यवाही करते हुए बिर्रा में दो दुकानों को सील किया। खाद का अवैध भंडारण और बिना लाइसेंस के उर्वरक बिक्री पाए जाने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की गई। अब तक 34 कृषि संचालकों को नोटिस भी थमाया गया है। कलेक्टर सिन्हा के निर्देशानुसार एवं उपसंचालक कृषि एमआर तिग्गा के मार्गदर्शन में जिले के उर्वरक, बीज कीटनाशक निरीक्षकों द्वारा जिले के सभी कृषि केन्द्रों में निरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अनियमिता पाये गए अब तक 34 कृषि केन्द्र संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।



### अब तक 34 कृषि केंद्र संचालकों को नोटिस जारी

जिसमें से 06 कृषि केन्द्र संचालकों के विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश की धारा 1985 के खण्ड 5 एवं 35, 1 उल्लंघन पाये जाने पर उर्वरक का जप्ती कर विक्रय प्रतिबंधित किया गया है। इसके अतिरिक्त 03 कृषि केन्द्र संचालकों के विरूद्ध बीज नियंत्रण आदेश 1983 के खण्ड 3 एवं खण्डदृ 18 ;1,2 का उल्लंघन पाये जाने पर गोदाम को सील बंध



करते हुए विक्रय प्रतिबंधित किया गया एवं 1 उर्वरक विक्रेता का लाईसेंस निलंबन किया गया। 9 जुलाई को मेसर्स अग्रवाल कृषि केन्द्र बिर्रा के यहां राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग संयुक्त दल द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 645 बोरी यूरिया अघोषित परिसर में भण्डारण पाये जाने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश खण्ड 7 प्राधिकार ज्ञापन। 1 शर्त क्रमांक मेसर्स का विक्रय स्थल सील बंद किया गया एवं मेसर्स दीपक कृषि केन्द्र बिर्रा बिना लाईसेंस के जैव उर्वरक विक्रय एवं भण्डारण पाये जाने पर गोदाम को सील बंद किया गया।

गौरतलब है कि कलेक्टर सिन्हा द्वारा जिले के किसानों को फसल उत्पादन के लिए खाद, बीज की समस्या न हो इसके लिए लगातार अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है। जिले में नियुक्ति के साथ ही सर्वप्रथम उन्होंने खादए बीज की स्थिति की समीक्षा की। गत वर्ष की तुलना में खादए बीज का भंडारण अधिक होने के साथ किसानों को इसके वितरण के निर्देश भी दिए हैं। कलेक्टर ने वर्मी खाद की पर्याप्त उपलब्धता और फसल उत्पादन में इसकी उपयोगिता को भी बताते हुए सहकारी बैंक प्रबंधकों और सोसायटी के सदस्यों को निर्देशित किया है कि किसानों को वर्मी खाद भी उपलब्ध कराये। उन्होंने अवैध रूप से खाद भंडारण और उर्वरक बिक्री करने वालों पर भी सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in